RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्षः 11 अंकः 140 | जयपुर, गुरूवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,गुरूवार, 19 नवम्बर 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

संक्षिप्त समाचार

आजम को जमानत पर रहने दें, आसमान नहीं टूट पड़ेगा

लखनऊ (एजेंसी)। सपा नेता आजम खान की अंतरिम जमानत के खिलाफ बुधवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंची ईडी को जज ने फटकार लगाई। कहा कि इतनी जल्दी क्या है, आजम को जमानत पर रहने दीजिए, कोई आसमान नहीं टूट पड़ेगा। ईडी मामले में तुरंत सुनवाई की मांग कर रही थी। ईडी के वकील एसवी राजू ने कोर्ट से कहा कि



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आदेश जल्दबाजी में पारित किया। हमें पूरा जवाब दाखिल करने का समय भी नहीं मिला। यह अंतरिम नहीं, अंतिम आदेश जैसा था। इसलिए इस मामले को तुरंत ही सुना जाना चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने मामले को कल सुनने के लिए कहा तो एसवी राजू ने कहा- तब तक रिहाई पर रोक लगा दीजिए, वरना वह जेल से बाहर आ जाएंगे।

सीजेआई पर टिप्पणी मामले में वकील को अवमानना नोटिस

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सीजेआई सूर्यकांत पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले वकील को बुधवार को अवमानना नोटिस जारी किया। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की याचिका पर हुई। सीजेआई ने वकील के



खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग की थी। जस्टिस दीपांकर दत्ता, जॉयमाल्या बागची और वी. मोहना की तीन जजों की बेंच ने वकील से जवाब मांगा। कोर्ट ने नोटिस का जवाब देने के लिए 20 जनवरी 2027 की तारीख तय की। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक वकील ने सीजेआई सूर्यकांत से तीखी बहस की। वकील अपने खिलाफ चल रहे अवमानना के मामले में जल्द सुनवाई चाहते थे। कोर्ट में जब सीजेआई ने उन्हें इंतजार करने को कहा तो वकील ने नाराजगी जताई।

आर्मी यूनिफॉर्म भारतीय सेना ने 2023 में किए बदलाव को वापस लेने का किया फैसला

आर्मी के सीनियर ऑफीसर्स की फिर से बदलेगी ड्रेस

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय सेना ने वरिष्ठ अफसरों की ड्रेस में 2023 में किए बदलाव वापस लेने का फैसला किया है। यह आदेश 1 दिसंबर से लागू होगा। 13 नवंबर के पत्र पर आधारित आंतरिक आदेश के मुताबिक, गोरखा राइफल्स के जनरल फिर अपनी पहचान वाली हैट पहन सकेंगे। स्पेशल फोर्सेज के वरिष्ठ अफसर मैरून बेरेट और बख्तरबंद रेजिमेंट के अफसर ब्लैक बेरेट पहन सकेंगे। वरिष्ठ अफसर अधिकृत वर्दी के साथ अपनी पारंपरिक रेजीमेंट या कोर से जुड़े चिन्ह भी लगा सकेंगे। यह बदलाव ब्रिगेडियर और उससे ऊपर के अफसरों पर लागू होगा। 2023 में सेना ने वरिष्ठ नेतृत्व के लिए एक जैसी पहचान बनाने के लिए वर्दी के कई सामान एक जैसे कर दिए थे। उस नीति में अफसरों की मूल रेजिमेंट और सर्विस की पहचान दिखाने वाले चिन्ह हटा दिए गए थे। **पिछले हफ्ते एनएसजी कमांडो की यूनिफॉर्म बदलने का फैसला हुआ था-** ब्लैक कैट कमांडो की मशहूर

● 1 दिसंबर से गोरखा हैट, मैरून-ब्लैक बेरेट व रेजिमेंटल पहचान फिर लौटेगी



काली वर्दी अब बदलने जा रही है। वजह है- भयंकर गर्मी। नेशनल सिक्योरिटी गार्ड ने अपने वीआईपी सुरक्षा में लगे कमांडो के लिए नई ब्रीदेबल यानी सांस लेने वाली यूनिफॉर्म बनाने की सिफारिश की है। ये यूनिफॉर्म नायको कपड़े से बनेगी।

इसी साल भारतीय फौज की फॉर्मल ड्रेस में बंदी जैकेट शामिल हुई

इसी साल जून में भारतीय सेना ने 174 पेज की नई 'आर्मी यूनिफॉर्म-2026' बुक में कॉलोनियल एरा के नियमों में भी बदलाव किया था। नए नियमों में रिव्यूइंग ऑफीसर के लिए परेड में तलवार रखना वैकल्पिक कर दिया गया है। वहीं, कुछ मैस ड्रेस के साथ इस्तेमाल होने वाली पाउच बेल्ट हटाई गई है। इसके साथ ही रॉयल जैसे पुराने शब्दों का इस्तेमाल बंद किया गया है। पहली बार फॉर्मल सिविल ड्रेस में स्वदेशी बंदी जैकेट को भी शामिल किया गया है। बंद गले वाली बंदी जैकेट को फुल स्लीव शर्ट, फॉर्मल ट्राउजर और बंद जूतों के साथ पहना जा सकेगा। सेना इससे पहले फरवरी 2023 में भी कई पुरानी परंपराएं खत्म कर चुकी है। इनमें समारोहों में घोड़ा-गाड़ी का इस्तेमाल, रिटायरमेंट के दौरान 'पुल आउट' इवेंट और डिनर में पाइप बैंड की परंपरा शामिल थी।

कश्मीर घाटी में लश्कर का आखिरी आतंकी भी ढेर

● मस्जिद में घिर चुका था लश्कर कमांडर लतीफ ● सुरक्षा बलों की कार्रवाई में मारा गया मोस्ट वांटेड ● सीआरपीएफ की एक पोस्ट में हमले का था आरोपी

नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर के कुलगाम में 11 नवंबर को सीआरपीएफ की पेट्रोलिंग टीम पर हमला करने वाला आतंकी लतीफ भट एनकाउंटर में ढेर हो गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, लतीफ जिस मस्जिद में छिपा था वहां से जैसे ही वह बाहर आया तो सुरक्षाबलों ने उसे मार गिराया। बुधवार सुबह से ही खुफिया जानकारी के आधार पुलिस, सेना और पैरामिलिट्री फोर्स का संयुक्त ऑपरेशन कुलगाम जिले के देवसर में जंगलपोरा गांव में चल रहा था। सुरक्षाबलों ने लतीफ को इस इलाके में घेर लिया था, जिसके बाद उसने इलाके में स्थित एक मस्जिद में शरण ले ली।



● सुरक्षाबलों को डेडबॉडी के पास मिला हथियार- कश्मीर जोन पुलिस की ओर से इस एनकाउंटर से जुड़ी जो जानकारी साझा की गई है उसमें बताया गया है कि जिस जगह मुठभेड़ चल रही थी वहां एक आतंकी को मार गिराया गया है। सुरक्षाबलों ने आतंकी की डेडबॉडी को रिकवर कर लिया है। उसके पास से एक हथियार भी बरामद हुआ है।

लतीफ ने सरेंडर करने से कर दिया था इनकार

इस एनकाउंटर से पहले लतीफ को सरेंडर करने का विकल्प भी मिला था। इंडियन आर्मी के हवाले से सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया गया जिसमें सुरक्षा अधिकारी लतीफ भट से वीडियो कॉल के जरिए सरेंडर करने की अपील कर रहे हैं, लेकिन लतीफ सरेंडर करने से इनकार कर रहा है। मुठभेड़ से की गई इस वीडियो कॉल में अधिकारियों को कहते हुए सुना जा सकता है कि अगर तुम सरेंडर कर दोगे तो तुम्हारी जान बख्श दी जाएगी, लेकिन लतीफ ने सरेंडर करने से इनकार कर दिया।

अमेरिका में राहुल बोले-आर्थिक संकट की कगार पर पहुंचा भारत

● कहा-बेरोजगारी और एजुकेशन सिस्टम भी है बड़ी समस्या

न्यूयॉर्क/नई दिल्ली (एजेंसी)। राहुल गांधी ने कहा है कि भारत आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है। इसके पीछे बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी खामियां हैं। युवाओं में बढ़ती निराशा की मुख्य वजह यह है कि उन्हें अपना भविष्य नजर नहीं आता। राहुल गांधी ने यह बात बुधवार को न्यूयॉर्क में कोलंबिया यूनिवर्सिटी में छात्रों और फैकल्टी के सामने



कही। राहुल अमेरिका के दो दिन के दौरे पर हैं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने जालंधर में कहा, 'राहुल विदेश में जाकर भारत की छवि खराब करते हैं। वो भारत की इकोनॉमी को डिजास्टर बताते हैं, लेकिन भारत नहीं उनकी सोच डिजास्टर है।'

वोटों के अंतर को बताया असंभव

राहुल ने चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा, 'अचानक 5 लाख वोटों का मार्जिन मिल जाना संभव नहीं है। चुनावी नतीजों और वोटों के आंकड़ों को लेकर हमारी पार्टी (कांग्रेस) के पास कई सवाल हैं। हमारे पास चुनावी धांधली के कई सबूत हैं। इन्हें सामने लाने के लिए हम काम कर रहे हैं।' राहुल ने कहा, 'हमारा मकसद देश की चुनावी व्यवस्था को फिर से दुरुस्त करना है। चुनावी व्यवस्था को ठीक किए बिना कुछ नहीं हो सकता।

● युवाओं को अपना भविष्य नहीं दिख रहा- राहुल ने कहा, युवाओं में मौजूदा हालात को लेकर निराशा है। इनमें एक वर्ग मध्यमवर्गीय परिवारों से आता है और उसने औपचारिक शिक्षा हासिल की है। हम इस पर अध्ययन कर रहे हैं और इसे समझने की कोशिश कर रहे हैं। इसकी सबसे अहम वजह यह है कि उन्हें अपना भविष्य नजर नहीं आता। राहुल ने कहा, 'करियर को लेकर युवाओं और उनके माता-पिता के बीच दूरी बढ़ रही है। युवा पिछली पीढ़ी की सलाह और उसके अनुभवों पर सवाल उठा रहे हैं।

नमो भारत आसान करेगी दिल्ली से हरिद्वार-ऋषिकेश का सफर

● 150 किमी कॉरिडोर का प्राथमिक सर्वे शुरू, खुलेगा नया रास्ता



मेरठ (एजेंसी)। दिल्ली-एनसीआर से हरिद्वार और ऋषिकेश जाने वाले लोगों के लिए नमो भारत रैपिड ट्रेन से सफर का रास्ता खुल सकता है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने दिल्ली से हरिद्वार-ऋषिकेश तक नमो भारत कॉरिडोर बनाने की संभावनाओं पर प्राथमिक सर्वे शुरू कर दिया है। करीब 150 किलोमीटर लंबे प्रस्तावित रूट के लिए दो विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। पहला विकल्प मेरठ के मोदीपुरम स्टेशन से दौराला, खतौली, मुजफ्फरनगर और रुड़की होते हुए हरिद्वार-ऋषिकेश तक ट्रेन पहुंचाने का है। वहीं, दूसरे विकल्प में मोदीनगर से गंगनहर पटरी के रास्ते सीधे रुड़की और हरिद्वार होते हुए ऋषिकेश तक अलग कॉरिडोर बनाने की संभावना तलाशी जा रही है।

मोदीपुरम से हरिद्वार तक रूट जोड़ने की तैयारी

दिल्ली के सराय काले खां से मेरठ के मोदीपुरम तक 82 किलोमीटर लंबे नमो भारत रैपिड ट्रेन कॉरिडोर की शुरुआत 22 फरवरी 2026 को हो चुकी है। एनसीआरटीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, इस कॉरिडोर पर हर महीने करीब 32 लाख लोग यात्रा कर रहे हैं। अब इसी नेटवर्क को हरिद्वार और ऋषिकेश तक विस्तार देने की संभावनाओं पर काम किया जा रहा है। प्रस्तावित योजना के तहत दिल्ली से हरिद्वार और ऋषिकेश तक नमो भारत ट्रेन चलाने का विकल्प तैयार किया जा रहा है।

25 साल बाद एमपी में खत्म हुआ दो बच्चों वाला नियम

सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हजारों उम्मीदवारों को बड़ी राहत

भोपाल (एजेंसी) मध्य प्रदेश में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों के लिए बड़ी खबर है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ के बाद एमपी सरकार ने भर्तियों में दो बच्चों की पाबंदी वाला नियम खत्म कर दिया है, जो 25 साल से लागू था। बुधवार को हुई स्पेशल कैबिनेट बैठक में जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के सिविल सेवा नियम, 1961 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद अब तीसरा बच्चा होने पर न तो किसी सरकारी कर्मचारी की नौकरी जाएगी और नही नई भर्तियों में तीन बच्चों वाले उम्मीदवारों को अयोग्य माना जाएगा। मध्य प्रदेश की सरकारी भर्तियों में दो बच्चों की पाबंदी वाला नियम 26 जनवरी 2001 के बाद से लागू था। तत्कालीन दिग्विजय सरकार ने इस नियम को जनसंख्या नियंत्रण को बढ़ावा देने के लिए लागू किया था।



शिवसेना ने सोनिया की किताब फाड़ी, बैन की मांग

● सावरकर और मराठी अस्मिता के अपमान का आरोप

मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना ने बुधवार को सोनिया गांधी की किताब बिलॉन्गिंग अ जर्नी ऑफ लव को बैन करने की मांग की। पार्टी के नेताओं ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान किताब के पन्नों को फाड़ा। शिवसेना का आरोप है कि इस किताब में वीर सावरकर और मराठी अस्मिता का अपमान किया गया है। उधर, कांग्रेस की सहयोगी पार्टी वायएसआर कांग्रेस और बीआरएस ने भी इस किताब को लेकर नाराजगी जताई है। वायएसआर कांग्रेस के तिरुपति सांसद मडिला गुरुमूर्ति ने कहा- सोनिया गांधी वायएसआर कांग्रेस के योगदान को कैसे नजरअंदाज कर सकती हैं। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने कहा कि सोनिया ने किताब में तेलंगाना का जिक्र तक नहीं किया। सोनिया की किताब 10 नवंबर को बाजार में बिकना शुरू हुई थी। 16 नवंबर को लॉन्च की गई।



● पेज नंबर 443 पर हिंदू सुप्रीमेसिस्ट का जिक्र- इस पेज पर सावरकर को हिंदुत्व विचारधारा का जनक बताया गया है। कहा गया है कि उन्होंने भारत को मुख्य रूप से जहां हिंदू सबसे ऊपर हैं (हिंदू सुप्रीमेसिस्ट) के नजरिए से देखा और संघ परिवार और बीजेपी इसी भूमिका को आगे बढ़ा रहे हैं। शिवसेना ने आरोप लगाया कि यह झूठी कहानी फैलाने की एक चाल है। वायआरएस कांग्रेस के सांसद मड्डिला गुरुमूर्ति ने सवाल उठाया कि सोनिया गांधी ने अपनी किताब में वाईएस राजशेखर रेड्डी के योगदान का जिक्र क्यों नहीं किया। रेड्डी ने पदयात्रा के जरिए आंध्र प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत किया था।

उपलब्धि नए रक्षा सौदे की है तैयारी,चीन को मिलेगा करारा जवाब

भारत से 'आकाश' और 'पिनाका' भी खरीदेगा फिलीपींस

मनीला (एजेंसी)। फिलीपींस के रक्षा मंत्री गिल्बर्टो सी. तेओदोरो जूनियर ने इस महीने कहा था कि भारत के साथ सिर्फ ब्रह्मोस मिसाइल ही नहीं बल्कि एयर डिफेंस सिस्टम और दूसरे कई हथियारों को लेकर भी उनका देश समझौता करना चाहता है। अब दोनों देशों के बीच अपनी डिफेंस पार्टनरशिप को विस्तार देने के लिए तेज रफ्तार से बातचीत चल रही है। फिलीपींस भारत से और ब्रह्मोस मिसाइलें खरीदने के अलावा आकाश एयर डिफेंस सिस्टम, पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर, हेलीकॉप्टर और अंतरिक्ष सहयोग को



लेकर बातचीत कर रहा है। **भुगतान के लिए नये तरीकों पर चल रही बातचीत-** फिलीपींस भारत से ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलों की कम से कम 6 और बैटरी खरीदने पर विचार कर रहा है। फर्स्टपोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक इनमें से कई प्रस्तावों पर बातचीत एडवांस स्तर तक पहुंच चुकी है। रक्षा मंत्री गिल्बर्टो सी. तेओदोरो जूनियर ने कहा था कि भारत एक समान विचारधारा वाला देश और चीन के खिलाफ दोनों देशों के विचार एक समान हैं। फिलीपींस के सामने भारतीय हथियारों को खरीदने के लिए कुछ वित्तीय दिक्कतें हैं। हालांकि भारत हथियार सौदों के लिए लाइन ऑफ क्रेडिट देता है लेकिन फिलीपींस के सूत्रों ने बताया है कि फिलीपींस के संविधान में कुछ पाबंदियां हैं लिहाजा इस सुविधा का उपयोग करना मुश्किल है। इसीलिए पेमेंट के दूसरे तरीकों पर विचार चल रहा है।

आकाश और पिनाका सिस्टम खरीदने पर कर रहा विचार

फर्स्ट पोस्ट ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि फिलीपींस अपनी सेना, नौसेना और वायुसेना के लिए आकाश एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने के लिए एडवांस स्तर पर बात कर रहा है। आकाश एयर डिफेंस सिस्टम भी पाकिस्तान के खिलाफ अपनी युद्ध क्षमता साबित कर चुका है। इसको लेकर फिलीपींस के अधिकारियों के सामने एक प्रजेंटेशन भी दिया गया है जिसमें भारतीय अधिकारियों ने बताया है कि कैसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आकाश का दूसरे हथियारों के साथ इंटीग्रेशन किया गया था। पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम में फिलीपींस की दिलचस्पी काफी है।

पांच महीने में 6वीं बार महाराष्ट्र पहुंचे अमित शाह

मुंबई (एजेंसी)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पिछले पांच महीनों में छह बार महाराष्ट्र आ चुके हैं। देश के गृहमंत्री का किसी राज्य में बार-बार आना असामान्य नहीं, लेकिन महाराष्ट्र में उनकी लगातार मौजूदगी ने राजनीतिक दलों की बेचैनी बढ़ा दी है। बीजेपी के सहयोगी हों या विरोधी, हर कोई यह जानने की कोशिश में है कि आखिर अमित शाह महाराष्ट्र में क्या तलाश रहे हैं। कौन-सा राजनीतिक समीकरण है, जिसे दिल्ली से नहीं, बल्कि मुंबई, नागपुर और पुणे पहुंचकर समझने की जरूरत पड़ रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की भूमिका महाराष्ट्र की राजनीति में केवल बीजेपी के रणनीतिकार की नहीं रही है। वे यहां सत्ता के समीकरणों को करीब से समझते, संवारते और सुलझाते रहे हैं और सहयोगियों के बीच संतुलन भी साधते रहे हैं।



संक्षिप्त समाचार

नीट, यूजी 2026 पेपर लीक मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने 14 आरोपियों पर तय किए आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की राउज एवेन्यू स्थित विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट ने बहुचर्चित नीट यूजी



2026 पेपर लीक मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए 14 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। अदालत ने सभी आरोपियों को आगामी 21 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने का सख्त निर्देश दिया है, जिस दिन उनके खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय किए जाएंगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस केस की रोजाना (डे-टू-डे) सुनवाई 25 नवंबर से शुरू की जाएगी, ताकि ट्रायल को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। इस हाई-प्रोफाइल मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अदालत में 20,000 पन्नों की एक विस्तृत चार्जशीट दाखिल की है। इससे पहले जांच एजेंसी ने जुलाई महीने में अपनी पहली चार्जशीट पेश की थी, जिस पर अदालत ने 12 अगस्त को संज्ञान लिया था। अदालत के इस कड़े रुख और रोजाना सुनवाई के फैसले के बाद अब इस मामले के दोषियों को जल्द सजा मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

सिर्फ शक के आधार पर जज पर नहीं लगा सकते पक्षपात का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी। महज संदेह या आशंका के



आधार पर किसी न्यायिक अधिकारी पर पक्षपात का आरोप लगाकर मामले की सुनवाई दूसरी अदालत में स्थानांतरित नहीं कराई जा सकती। पटियाला हाउस स्थित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार दहिया की अदालत ने 52 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी के मामले में सुनवाई स्थानांतरित करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि बिना किसी ठोस आधार के न्यायिक अधिकारी पर पक्षपात का आरोप लगाने से न्यायिक व्यवस्था के स्वतंत्र और निष्पक्ष कामकाज पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

गोवंश संरक्षण की हुंकार, चंदी पार्क में गोहत्या को लेकर उठी कानून बनाने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी। चंदू पार्क स्थित सिद्ध पीठ श्री सीताराम संत सेवा मंदिर एवं गोशाला में मंगलवार को गोपाष्टमी महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। महामंडलेश्वर राम गोविंद दास महात्यागी के पावन सानिध्य में गो भक्तों ने विधि-विधान से गौ माता की पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि के साथ राष्ट्र कल्याण की कामना की। महामंडलेश्वर ने गोपाष्टमी के धार्मिक महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मान्यता के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने कार्तिक शुक्ल पक्ष की अष्टमी से गायों को चराने और उनकी सेवा की शुरुआत की थी। गो सेवा से आत्मिक शांति मिलने के साथ घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। उन्होंने प्रत्येक जीव के प्रति सम्मान और सेवा भाव रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर गो भक्तों ने दूध की लगातार बढ़ती कीमतों पर चिंता जताई। उन्होंने सरकार से दूध पर सब्सिडी योजना लागू करने की मांग की, ताकि गरीब परिवारों के बच्चों को भी पर्याप्त दूध मिल सके और उनके हिस्से से दूध की प्याली न छिने। इसके साथ ही गोहत्या पर रोक लगाने के लिए पूरे देश में केंद्रीय कानून लागू करने की मांग भी उठाई गई। कार्यक्रम में दिल्ली नगर निगम पूर्वी जोन के डिप्टी चेयरमैन राजू सचदेवा, भाजपा नेता राजीव शर्मा, विपिन जैन, राजेश शर्मा, राजेश्वर भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में गौ भक्त उपस्थित रहे।

दिल्ली में क्यों नहीं थम रहा इमारतों के ढहने का सिलसिला 6 महीने में 7 बड़े हादसे, 30 से ज्यादा लोगों की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में जर्जर और अवैध निर्माणों के ढहने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला मंगलवार सुबह पूर्वी दिल्ली के शाहदरा स्थित ज्वाला नगर का है।

जहां रेलवे लाइन के पास बना एक 40 साल पुराना दो मंजिला मकान अचानक भरभराकर गिर गया। मलबे में दबने से 3 साल के मासूम देवांश और 35 वर्षीय पिंटू की मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।


इस हादसे ने एक बार फिर उस कड़वे सच को सामने ला दिया है कि राजधानी में प्रशासनिक अनदेखी, मरम्मत का अभाव और अवैध कब्जे किस तरह लोगों की जान ले रहे हैं। जर्जर इमारतों की अनदेखी और मरम्मत का अभाव- ज्वाला नगर में ढहा मकान करीब 40 साल पुराना था। डीएम अजय कुमार के मुताबिक, मकान मालिक ने लंबे समय से इसकी मरम्मत नहीं करवाई थी। कम पैसे में ज्यादा किराया कमाने के लालच में मकान मालिक इमारतों की मजबूती पर ध्यान नहीं देते। इस परिसर में 700 गज जमीन पर 30 कमरे बने थे, जिनमें 70 किरायेदार जान जोखिम में डालकर रह रहे थे। सरकारी एजेंसियों के रिकॉर्ड से बाहर खतरनाक इमारतें- उत्तर पूर्वी निगम जोन के चेयरमैन पंकज



लूथरा ने स्वीकार किया कि यह इमारत निगम की खतरनाक भवनों की सूची में शामिल ही नहीं थी। यानी सर्वे के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती है और जर्जर इमारतें प्रशासन की नजर से बची रहती हैं। अवैध निर्माण और सरकारी जमीन पर कब्जा- जांच में सामने आया है कि यह मकान रेलवे की जमीन पर बना था। रेलवे ट्रैक के बिल्कुल करीब होने के कारण ट्रेन गुजरने से होने वाले तेज कंपन ने कमजोर हो चुकी इमारत की नींव हिला दी। दिल्ली के कई इलाकों में नियमों को ताक पर रखकर बहुमंजिला इमारतें खड़ी की जा रही हैं। हादसे के बाद ही जागता है प्रशासन- हर बड़े हादसे के बाद जांच के आदेश दिए जाते हैं, एफआईआर दर्ज होती है (जैसा इस मामले में मालिक सुरेंद्र सिंह के खिलाफ हुआ) और आसपास की इमारतों को खाली कराने की बात कही जाती है। लेकिन कुछ समय बाद मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है और अगला हादसा हो जाता है। ज्वाला नगर की घटना कोई इकलौता मामला नहीं है। साल 2026 के बीते कुछ महीनों का रिकॉर्ड बताता है कि दिल्ली में इमारतें गिरना एक आम और जानलेवा समस्या बन चुकी है... 15 नवंबर 2026- पहाड़गंज में एक होटल का लेंटर गिरने से 8 लोग घायल हुए। 4 नवंबर 2026- चावड़ी बाजार में निर्माणाधीन तीन मंजिला मकान गिरने से 7 लोगों की जान गई।

दिल्ली के ज्वाला नगर में हादसे को दावत दे रहे अवैध निर्माण, हर पल मंडरा रहा मौत का खतरा

नईदिल्ली, एजेंसी। रेलवे लाइन पर ट्रेन गुजरती है, तो ज्वाला नगर में मकान ही नहीं, उनमें रहने वाले सैकड़ों परिवारों की जिंदगी भी कांप उठती है। हर दिन सुबह से शाम तक यही सिलसिला चलता है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की नींद नहीं टूटती। रेलवे और सरकारी जमीन पर पिछले 25 से 30 साल में धीरे-धीरे पूरी अवैध कॉलोनी बस गई और इसका दायरा लगातार बढ़ता चला गया। हैरानी यह है कि इतने वर्षों में न रेलवे अधिकारियों ने अतिक्रमण रोकने की सुध ली और न ही नगर निगम ने जर्जर निर्माणों की जांच कर कोई ठोस कार्रवाई की। अब एक इमारत ढहने के बाद कार्रवाई के दावे तो किए जा रहे हैं, लेकिन लोगों की मौत के लिए जिम्मेदारों पर कार्रवाई कब होगी, इसका जवाब किसी के पास नहीं।



दिल्ली-एनसीआर के लोगों को राहत, हवा साफ होते ही हटी ग्रेप-3 की पाबंदियां

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता में सुधार के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के तीसरे चरण की पाबंदियां तत्काल प्रभाव से हटा दी हैं।मंगलवार को हुई समीक्षा बैठक में आयोग की उप समिति ने यह फैसला लिया। हालांकि, प्रदूषण का स्तर अभी भी खराब श्रेणी में है, इसलिए ग्रेप के पहले और दूसरे चरण के उपाय जारी रहेंगे। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, मंगलवार को दिल्ली का एक्यूआई 204 दर्ज किया गया। एनसीआर के शहरों के एक्यूआई में भी कमी दर्ज हुई। प्रदूषण के स्तर में आई गिरावट को देखते हुए सीएक्यूएम ने ग्रेप-3 हटाने का निर्णय लिया। इससे दिल्ली में बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल वाहनों पर लगी रोक हटेगी, ये ऐसे वाहनों के लिए है, जो दिल्ली में पंजीकृत हैं। साथ ही पांचवीं तक की कक्षाओं के लिए हाइब्रिड पढ़ाई जैसे प्रतिबंधों से राहत मिलेगी। हालांकि 30 अक्टूबर को जारी आदेश के तहत पांच से 20 नवंबर तक लागू विशेष पाबंदियां भी जारी रहेंगी। इसके तहत छूट प्राप्त परियोजनाओं को छोड़कर निर्माण और तोड़फोड़ की गतिविधियों पर रोक रहेगी। दिल्ली और आसपास के जिलों में सरकारी और निजी कार्यालयों में अधिकतम 50 प्रतिशत कर्मचारियों की भौतिक उपस्थिति का निर्देश भी लागू रहेगा। दिल्ली सरकार की ओर से बीएस-6 से नीचे के बाहरी वाहनों की दिल्ली में एंट्री पर लगाई गई रोक सहित अन्य अतिरिक्त प्रतिबंध भी जारी रहेंगे। दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण से जूझ रहे लोगों को मंगलवार को कुछ राहत मिली। अनुकूल मौसमी परिस्थितियों के चलते दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) नवंबर में पहली बार घटकर 204 पर पहुंच गया। यह इस माह का अब तक का सबसे कम प्रदूषण स्तर है। बुधवार और बृहस्पतिवार को हवा फिर बहुत खराब श्रेणी में पहुंचने का अनुमान जताया है। मंगलवार को उत्तर-पश्चिम दिशा से 15 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से चली हवाओं ने प्रदूषकों को फैलाने में मदद की।

दादा के खाते से पोते ने उड़ाए 29.50 लाख; कार खरीदकर दोस्तों के साथ नोएडा, मनाली और नैनीताल में की पार्टी

नईदिल्ली, एजेंसी। जिस पोते पर बुजुर्ग दादा को बुढ़ापे में सहारा देने की जिम्मेदारी थी, उसी ने दोस्त के साथ मिलकर उनके बैंक खाते से 29.50 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित 87 वर्षीय बुजुर्ग भारतीय नौसेना से सेवानिवृत्त हैं।

आरोप है कि पोते ने दादा के बैंक खाते से जुड़ी जानकारी और मोबाइल नंबर का दुरुपयोग कर दोस्त के साथ मिलकर अप्रैल से अक्टूबर 2026 के बीच ठगी की। पूर्वी जिला साइबर थाना पुलिस ने पोते समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

आरोपितों ने ठगी की रकम से महंगी सैर-सपाटा, पार्टियां और मौज-मस्ती की। पुलिस ने ठगी की रकम से खरीदी गई एक पोलो कार और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

जांच में कुल 29,50,892 रुपये की ठगी का खुलासा: पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि अश्वनी राघव की शिकायत पर साइबर थाना पूर्वी जिले में ई-एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायत में बताया गया था कि उनके 87 वर्षीय पिता जगदीश सिंह के बैंक खाते से अप्रैल से अक्टूबर के बीच संदिग्ध तरीके से रकम निकाली गई। जांच में कुल 29,50,892 रुपये की ठगी का पता चला।

बुलंदशहर में दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार किया

इंस्पेक्टर पवन यादव, एसएचओ साइबर थाना पूर्वी के नेतृत्व में एएसआई शिव कुमार, हेड कांस्टेबल अनुराग और योगेश की टीम ने बैंक खातों, केवाईसी दस्तावेजों और लेनदेन



की जांच की। पता चला कि 9,26,892 रुपये अभिषेक राघव के इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक खाते में और 20,24,000 रुपये तुषार चौधरी के पंजाब नेशनल बैंक खाते में भेजे गए थे। पुलिस ने बुलंदशहर में दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

नोएडा में दोस्तों के साथ पार्टियां भी कीं: पूछताछ में सामने आया कि 22 वर्षीय अभिषेक शिकायतकर्ता का बेटा और बुजुर्ग का पोता है। वह खुर्जा से बीए-एलएलबी कर रहा है। आरोप है कि उसने अपने दोस्त 22 वर्षीय तुषार के साथ मिलकर ठगी की साजिश रची। तुषार खुर्जा से नर्सिंग का कोर्स कर रहा है। जांच में पता चला कि आरोपितों ने ठगी की रकम से मनाली, नैनीताल और ओडिशा की यात्राएं कीं। नोएडा में दोस्तों के साथ पार्टियां भी कीं।

इसके अलावा 2.75 लाख रुपये में पोलो कार खरीदी और उसमें 1.25 लाख रुपये का म्यूजिक सिस्टम लगवाया। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है। पुलिस अब ठगी की बची हुई रकम और अन्य आरोपितों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

सीईसी के खिलाफ प्रदर्शन में माइक-कैमरा लेकर पहुंचे लोग पत्रकार थे या कंटेंट क्रिएटर? सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली पुलिस का तर्क

नई दिल्ली, एजेंसी। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दिल्ली में हुए प्रदर्शनों की कवरेज को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले दिल्ली पुलिस ने अपना हलफनामा दाखिल कर दिया है। पुलिस ने मीडिया संगठनों की तरफ से लगाए गए तमाम आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए ग्राउंड जीरो की व्यावहारिक मुश्किलों का भी जिक्र किया है। बुधवार को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है।

क्यों अस्वीकृत किया गया प्रदर्शन?: दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर कहा कि 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के पिछले शांतिपूर्ण प्रदर्शन के वादों का पालन न करने और खुफिया जानकारी के आधार पर अस्वीकृत की गई थी। खुफिया इनपुट्स में संभावित खतरनाक स्थिति और गंभीर सार्वजनिक व्यवस्था की समस्या का संकेत था।

आयुक्त ने कहा, दिल्ली पुलिस द्वारा समय पर, आनुपातिक और कानूनी उपायों से 10 अक्टूबर को बड़ी सार्वजनिक व्यवस्था की स्थिति टाली गई। उन्होंने बताया कि सभी



प्रदर्शनकारियों (राजनेताओं सहित) को जंतर-मंतर से हटाया गया, लेकिन उन्हें न तो हिरासत में लिया गया और न ही गिरफ्तार किया गया। उन्हें अस्थायी केंद्रों या थानों में एसएचओ के कमरे में रखा गया और रिफ्रेशमेंट दिए गए।

पुलिस ने कहा कि राजधानी में सार्वजनिक व्यवस्था भंग की अनुमति नहीं दी जा सकती। खासकर, जब संगठन का हालिया इतिहास भीड़ हिंसा, संपत्ति क्षति और चोटों का हो। कांग्रेस के 6, 7 और 8 अक्टूबर के प्रदर्शनों का भी जिक्र किया गया। पत्रकारों के संबंध में पुलिस ने स्पष्ट किया कि अदालत के 11 अक्टूबर के आदेश का पालन किया गया और किसी पत्रकार के काम में बाधा नहीं डाली गई। हालांकि रील-मेकर्स, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और कंटेंट क्रिएटर्स को पत्रकारों के समान स्वतंत्रता नहीं दी जा सकती। कैमरा-माइक वाले कुछ लोग व्यावसायिक या अन्य उद्देश्यों से प्रदर्शनकारियों के साथ घुले-मिले थे।

पत्रकारों और रील बनाने वालों में फर्क करना मुश्किल- पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि प्रदर्शन के दौरान कई लोग कैमरा और माइक लेकर मौजूद थे, जो सोशल मीडिया के लिए वीडियो और रील बना रहे थे। पुलिस के लिए असली पत्रकारों और इन कंटेंट क्रिएटर्स के बीच मौके पर अंतर करना चुनौती बन गया था। सिर्फ माइक और कैमरा होना पत्रकारिता नहीं- पुलिस ने यह सवाल उठाया है कि क्या सोशल मीडिया के लिए वीडियो बनाने वालों को भी पत्रकारों का दर्जा दिया जा सकता है? हालांकि, पुलिस का यह भी कहना है कि उनका मकसद क्रिएटर्स के काम में रुकावट डालना नहीं था, बल्कि वे सिर्फ मैदानी हालात को स्पष्ट कर रहे थे। पहचान को लेकर हुई भ्रम की स्थिति- पुलिस के मुताबिक, भीड़ को नियंत्रित करने के दौरान जिन लोगों को गलती से हटा दिया गया था, उनकी पहचान स्पष्ट होते ही उन्हें तुरंत छोड़ दिया गया था। किसी भी पत्रकार का कैमरा या उपकरण जब्त नहीं किया गया है। महिला पत्रकारों के उत्पीड़न के आरोपों पर सफाई- जंतर-मंतर के पास कवरेज कर रही महिला पत्रकारों की शिकायतों पर पुलिस ने कहा कि क्राइम ब्रांच ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

दिल्ली कैबिनेट की बैठक ट्रांसजेंडर समुदाय को 'आयुष्मान भारत' योजना के दायरे में लाने की मिली स्वीकृति

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने सामाजिक न्याय और स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में अहम फैसला लिया है. मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक में ट्रांसजेंडर समुदाय को 'आयुष्मान भारत' योजना के दायरे में शामिल करने के प्रस्ताव को आधिकारिक मंजूरी दे दी गई है. इस ऐतिहासिक फैसले से दिल्ली के पात्र ट्रांसजेंडर लाभार्थियों और उनके परिवारों को प्रतिवर्ष 10 लाख रुपये तक का कैशलेस स्वास्थ्य कवर मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है. कैबिनेट बैठक के बाद फैसलों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार का मुख्य संकल्प यह सुनिश्चित करना है कि समाज का कोई भी वर्ग आर्थिक या सामाजिक बाधाओं के कारण बेहतर चिकित्सा सुविधाओं से वंचित न रहे. उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय को गंभीर बीमारियों के इलाज के दौरान होने वाले भारी-भरकम खर्च से राहत दिलाना और उन्हें पूर्ण आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है. सरकार का यह भी प्रयास है कि स्वास्थ्य सेवाओं में इस समुदाय के प्रति किसी भी प्रकार का भेदभाव समाप्त हो और हर नागरिक को सम्मानजनक उपचार मिल सके. इस योजना के तहत पात्र ट्रांसजेंडर लाभार्थियों के परिवारों को सालाना 10 लाख रुपये तक का व्यापक स्वास्थ्य कवर प्रदान किया जाएगा. इसमें अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता वाली गंभीर बीमारियों के इलाज शामिल हैं. लाभार्थी देशभर में आयुष्मान भारत योजना से जुड़े सूचीबद्ध अस्पतालों में 27 प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञताओं के अंतर्गत 1,961 विभिन्न उपचार पैकेजों और प्रक्रियाओं का लाभ कैशलेस रूप से उठा सकेंगे. खास बात यह है कि इस 10 लाख रुपये के स्वास्थ्य कवर में केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना के तहत मिलने वाला 5 लाख रुपये का मानक कवर और दिल्ली सरकार द्वारा जोड़ा गया 5 लाख रुपये का अतिरिक्त कवर शामिल है. दिल्ली सरकार की ओर से इस योजना के तहत राजधानी के लगभग 5,656 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को संभावित लाभार्थी के रूप में चिह्नित किया गया है. यह आंकड़ा वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर 2026 के लिए अनुमानित किया गया है. लाभार्थियों की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए पहचान दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग की प्रमाणित सूची से की जाएगी.

दिल्ली-एनसीआर में पीयूसीसी पर सख्ती

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए नो पीयूसीसी, नो फ्यूल नियम को सख्ती से लागू कर दिया गया है। किसी भी वाहन को बिना वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र के फ्यूल न देने का आदेश दिया है। दिल्ली में पीयूसी प्रमाणपत्र के बिना फ्यूल लेने में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए इस दस्तावेज को अपने पास रखें और अगर आपका प्रमाण पत्र खो गया हो तो उसे तुरंत ऑनलाइन डाउनलोड करें। परिवहन विभाग द्वारा दिए जाने वाला एक प्रमाण पत्र होता है जो यह प्रमाणित करता है कि आपकी गाड़ी सरकार द्वारा तय किए गए सभी प्रदूषण मानकों पर खड़ा उतरता है। अगर आम भाषा में समझें तो यह आपकी गाड़ी के स्वास्थ्य के बारे में बताता है। जिसका मतलब यह है कि आपकी गाड़ी सड़क पर निकलने के लिए स्वस्थ्य है या नहीं? कहीं आपकी गाड़ी से निकलने वाला धुआं पर्यावरण को नुकसान तो नहीं पहुंचा रहा? इसलिए अगर आपके पास यह प्रमाण पत्र न हो तो

जानें ऑनलाइन पीयूसीसीडाउनलोड करने का सबसे आसान तरीका



तुरंत बनवा ले और अगर होते हुए भी मिल न रहा हो तो इसे आसान तरीके से ऑनलाइन डॉउनलोड कर लें।

पीयूसीसी कैसे करें डाउनलोड: प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र को ऑनलाइन डाउनलोड करने के लिए सबसे पहले परिवहन सेवा के पीयूसी पोर्टल पर जाएं। पेज खुलने के बाद ऑनलाइन सर्विस पर क्लिक करें और फिर वहां पर पीयूसी सर्टिफिकेट को चुनें। पेज खुलने पर आप अपने गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज करें। ध्यान रहे यहां पर कोई जगह खाली न हो। इसके बाद आप अपने गाड़ी के चेसिस नंबर के अंतिम 5 अंकों को दर्ज करें। इसके बाद स्क्रीन पर नजर आ रहा कैप्चा को भी ध्यान से भरें।

नौकरी के लिए भेजा एक ई-मेल मिला 45 लाख रुपये का ऑफर

नई दिल्ली, एजेंसी। अच्छी नौकरी पाने के लिए अब सिर्फ जॉब पोर्टल पर आवेदन करना ही एकमात्र रास्ता नहीं है। कंपनियों के संस्थापकों और भर्ती प्रबंधकों को सीधे ई-मेल भेजकर भी लाखों रुपये सालाना का नौकरी प्रस्ताव हासिल किया जा सकता है। मनीकंट्रोल के मुताबिक, रेडिट पर एक गैर-तकनीकी पेशेवर ने दावा किया है कि इस तरीके से उसे 45 लाख रुपये सालाना तक का नौकरी प्रस्ताव मिला। उसने बताया कि उसे करीब-करीब हर नौकरी सीधे ई-मेल के जरिये ही मिली।

कंपनी को बताएं, आप क्यों हैं सही उम्मीदवार : इस पेशेवर ने नौकरी तलाशने वालों को सलाह दी कि वे कंपनी के संस्थापक या भर्ती प्रबंधक को व्यक्तिगत ई-मेल भेजें। इसमें अपना परिचय, अनुभव और प्रमुख कौशल संक्षेप में बताएं। साथ ही यह भी स्पष्ट करें कि संबंधित कंपनी में काम करने में उनकी रुचि क्यों है और वे किस पद के लिए उपयुक्त हैं। ई-मेल के साथ बायोडाटा और काम के नमूनों का लिंक भी भेजें। सिर्फ नौकरी मांगने के बजाय कंपनी के उत्पाद या कारोबार के बारे में अपनी समझ और कोई उपयोगी सुझाव साझा करें। इससे सामने वाले को आपकी तैयारी और क्षमता का अंदाजा मिलता है। हर कंपनी के लिए अलग और व्यक्तिगत ई-मेल लिखें। एक ही संदेश कई कंपनियों को भेजने से बचें। जवाब नहीं मिलने पर चार से पांच दिन बाद विनम्रता से फॉलोअप भी करें। पेशेवर का कहना है कि नौकरी मांगने के बजाय कंपनी को यह वजह बताएं कि उसे आपसे बात क्यों करनी चाहिए।

बिजौलिया को रेलवे लाइन से जोड़ने की पुरजोर माँग

सांसद दामोदर अग्रवाल ने रेलवे की उच्चस्तरीय बैठक में उठाया प्रमुखता से मुद्दा....

सेंडस्टोन उद्योग को मिलेगा अन्तर राष्ट्रीय बाजार से सीधा जुड़ाव, रेलवे ने सर्वे कराने का दिया आश्वासन;

ड्राई पोर्ट की संभावनाओं का भी खुलेगा रास्ता

स्मार्ट हलचल



बिजौलियाँ/ बिजौलिया को रेलवे नेटवर्क से जोड़ने की बहुप्रतीक्षित माँग को लेकर भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने रेलवे के समक्ष पुरजोर तरीके से आवाज उठाई। बिजौलिया क्षेत्र में सेंडस्टोन के विशाल खनन क्षेत्र, देश-विदेश में इसकी बढ़ती माँग और निर्यात की अपार संभावनाओं को देखते हुए उन्होंने बिजौलिया में रेलवे स्टेशन स्थापित करने तथा क्षेत्र को रेल मार्ग से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा। रेलवे अधिकारियों ने इस प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए सर्वे कराने की बात कही। आज उम्मेद भवन पैलेस में पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल की महत्वपूर्ण बैठक भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कोटा मंडल क्षेत्र के सांसदों एवं सांसद प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की रेलवे संबंधी समस्याओं, यात्री सुविधाओं और विकास कार्यों से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव रखे। बैठक में पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक डी.के. सिंह एवं मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी जनप्रतिनिधियों के सुझावों को गंभीरता से सुना तथा यात्री सुविधाओं और क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

बिजौलिया के सेंडस्टोन उद्योग को मिलेगा रेलवे कनेक्टिविटी का लाभ

सांसद दामोदर अग्रवाल ने बिजौलिया में सेंडस्टोन की प्रचुर उपलब्धता, खदानों से होने वाले बड़े पैमाने पर उत्पादन, घरेलू बाजार में लगातार बढ़ती माँग और अंतरराष्ट्रीय निर्यात की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि यदि बिजौलिया को रेलवे लाइन से जोड़ा जाता है तो रेलवे को भी माल परिवहन के माध्यम से पर्याप्त राजस्व प्राप्त हो सकता है। उन्होंने बिजौलिया में रेलवे स्टेशन की स्थापना और क्षेत्र को रेल नेटवर्क से जोड़ने की माँग को प्रमुखता से रखा।

रेलवे कनेक्टिविटी से खुलेगा ड्राई पोर्ट का रास्ता

बिजौलिया को रेलवे से जोड़ना केवल यात्री परिवहन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह क्षेत्र के औद्योगिक और आर्थिक विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। भविष्य में रेलवे कनेक्टिविटी विकसित होने पर बिजौलिया क्षेत्र में ड्राई पोर्ट स्थापित करने की संभावनाएँ भी विकसित हो सकती हैं। वर्तमान में सेंडस्टोन को कांडला एवं मुंद्रा पोर्ट तक सड़क मार्ग से ट्रेलरों के माध्यम से भेजने में उद्यमियों को भारी परिवहन लागत वहन करनी पड़ती है। रेलवे के माध्यम से माल परिवहन की सुविधा उपलब्ध होने पर परिवहन लागत में उल्लेखनीय कमी आ सकती है। इससे खनन उद्यमियों, निर्यातकों, स्थानीय व्यापारियों और रोजगार से जुड़े लोगों को लाभ मिलने के साथ-साथ क्षेत्र के औद्योगिक विकास को भी नई गति मिल सकती है।

भीलवाड़ा जिले के अन्य रेलवे स्टेशनों की समस्याएँ भी उठाईं

बैठक में सांसद अग्रवाल ने कोटा रेलवे मंडल के अंतर्गत भीलवाड़ा जिले के माण्डलगढ़, ऊपरमाल, श्यामपुरा, जालिन्द्रि एवं बरुन्दनी सहित विभिन्न रेलवे स्टेशनों से जुड़ी प्रमुख समस्याओं और माँगों को भी अधिकारियों के सामने रखा।

उन्होंने स्टेशनों के विस्तार, अंडरपास निर्माण, यात्री सुविधाओं में सुधार तथा विभिन्न ट्रेनों के ठहराव जैसी आवश्यकताओं पर ध्यान आकर्षित किया। इसके साथ ही उन्होंने लंबे समय से प्रतीक्षित कोटा-उदयपुर मेमू ट्रेन के शीघ्र संचालन की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए रेलवे अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने ऊपरमाल स्टेशन के साथ-साथ बरुन्दनी स्टेशन पर भी ट्रेन के ठहराव की माँग रखी, जिस पर अधिकारियों ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

बिजौलिया के विकास को मिलेगी नई पहचान

यदि भविष्य में बिजौलिया रेलवे नेटवर्क से जुड़ता है तो इसका लाभ बिजौलिया के साथ-साथ ऊपरमाल क्षेत्र के नागरिकों, खनन उद्यमियों, व्यापारियों और निर्यातकों को भी मिलेगा। इससे क्षेत्र की औद्योगिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई मजबूती मिल सकती है। विशेष रूप से सेंडस्टोन उद्योग के लिए रेलवे कनेक्टिविटी एक बड़ा बदलाव ला सकती है। इससे परिवहन लागत कम होने, निर्यात को बढ़ावा मिलने, नए निवेश आकर्षित होने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ने की संभावनाएँ हैं। बैठक में सांसद प्रतिनिधियों में भीलवाड़ा से संजय धाकड़, बारां-झालावाड़ से धीरज गुप्ता, चित्तौड़गढ़ से कमलेन्द्र सिंह हाड़ा, मंदसौर-नीमच से राजदीप परवाल, राजगढ़ से आदित्य शर्मा, मथुरा से संजय गोविल एवं उज्जैन से महेंद्र गादिया उपस्थित रहे।

भाजपा के मंत्री गौतम दक ने नगरपालिका के बाद अब अपने ही गांव की पंचायत भी गंवाई

स्मार्ट हलचल/ओम जैन



शंभूपुरा। चित्तौड़गढ़ जिले सहित प्रदेशभर में अभी एक ग्राम पंचायत बड़े ही चर्चाओं में है और वह पंचायत है डूंगला ग्राम पंचायत। जी हाँ प्रदेश के सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक का गांव ग्राम पंचायत डूंगला जो तहसील, उपखण्ड ओर पस मुख्यालय भी है यही से मंत्री दक आते है, जो हाल ही में हुए पंचायतीराज चुनाव में अपने ही गांव की सरपँच सीट नही निकाल पाए और यहाँ से उन्ही की समाज के लेकिन कोंग्रेस के नरेंद्र मेहता ने भाजपा समर्थित गिरिराज लोहार को हराया, अब इस हार को क्षेत्र की जनता सिर्फ गिरिराज कि नही मंत्री दक की हार बता रही है, ओर सोचनीय विषय भी है कि जिनके हाथ मे पूरे प्रदेश की कमान वो एक के बाद एक कोई चुनाव नही जीता पा रहे है इससे मंत्री दक की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान लग रहा है। प्रदेश के मंत्री होने के बावजूद गौतम दक कुछ समय पहले हुए नगरपालिका चुनाव में अपनी ही नगरपालिका बड़ीसादड़ी में भाजपा का बोर्ड नही बना पाए और यह बोर्ड क्षेत्र से भाजपा के मंत्री होने के बावजूद कोंग्रेस के दामन में चला गया। जहाँ मंत्री दक नगर निकाय चुनाव से पहले बड़े बड़े दांवे कर रहे थे कि स्वाभिमान की पताका लहरायेंगे बड़ी सादड़ी में कमल खिलाएंगे, मंत्री दक के ये सब दावे समय के साथ फुस जो गए, जहा भी विपक्ष ने इसे मंत्री दक की करारी हार बताया।

पस सदस्य के प्रचार में एक भी सभा नही की

हाल ही में हुए पंचायतीराज चुनाव के तहत बड़ी सादड़ी के ही एक पस के एक वार्ड में भाजपा के एक युवा उम्मीदवार के लिए एक सीट जो काफी चुनोती पूर्ण रही और वह युवा पहली बार मैदान में होने के बाबजूद मंत्री दक का उनके साथ या क्षेत्र में जाकर एक भी सभा ना करना भी बड़ा चर्चा का विषय बना हुआ है, कई विशेषज्ञों ने तो यहाँ तक भी कहा कि कोंग्रेस की तत्परता ओर भाजपा के ऐसे रवैये ये लगता है कुछ समय बाद भाजपा क्षेत्र से अपना वजूद खो देगी, क्योकि मंत्री दक के स्थानीय होने के बावजूद ये अधिकांश स्थानीय ओर पार्टी के कार्यक्रमों से दूरी बनाकर रखते है, क्षेत्र में पार्टी को लगातार जीत के बजाय हार का सामना करना पड़ रहा, जिससे क्षेत्र में लगातार भाजपा कमजोर स्थिति में नजर आ रही।

जिले में मंत्री दक के विभाग के भी हाल कुछ ठीक नही

प्रदेश की बात तो दूर की यहाँ सहकारिता मंत्री गौतम दक के गृह जिले की भी बात करे तो उनके सहकारिता विभाग की स्थिति भी ठीक नही है, कई मामले ऐसे आये जिससे विभागीय अधिकारियों और मंत्री दक की कार्यशैली पर सवालिये निशान लगाए है, ऐसा ही एक मामला लसडावन निवासी पारस मल जैन का भी सामने आया, जिनके परिजनों ने बताया कि जैन पर लगे सारे आरोप निराधार होने और सारे सबूत देने के बाबजूद मंत्री दक ना उन्हें न्याय दिला पाए ना ही सम्बंधित भ्रष्ट अधिकारियों पर कोई कार्यवाही हुई, जिससे मंत्री दक को लेकर क्षेत्र और विभाग में भी खासा रोष व्याप्त है।

रणथंभौर के जंगल में बाघों से रूबरू हुए विद्याश्रम स्कूल के विद्यार्थी

ग्रीन पीपल सोसायटी के जयपुर चैप्टर ने आयोजित किया दो दिवसीय वन्यजीव शैक्षणिक भ्रमण, प्रकृति की पाठशाला में सीखा वन्यजीव संरक्षण का महत्व

स्मार्ट हलचल



जयपुर,18 नवम्बर। किताबों में वन्यजीवों के बारे में पढ़ना और उन्हें उनके प्राकृतिक आवास में स्वच्छंद विचरण करते देखना, दोनों अनुभवों में बड़ा अंतर है। इसी रोमांचक अनुभव से विद्याश्रम स्कूल, जयपुर के 36 विद्यार्थी रूबरू हुए। ग्रीन पीपल सोसायटी के जयपुर चैप्टर की ओर से 16 एवं 17 नवंबर को विद्यार्थियों के लिए रणथंभौर बाघ परियोजना का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। संयोजक ग्रीन पीपल सोसायटी के उपाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईएएस विक्रम सिंह ने बताया कि विद्यालय की श्रीमती सुमन सिंह एवं स्मिता शेखावत के नेतृत्व में पहुंचे विद्यार्थियों को रणथंभौर के जंगलों में बाघ, भालू (रीछ), मगरमच्छ, चीतल, सांभर, जंगली सुअर और नेवले सहित अनेक वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक परिवेश में नजदीक से देखने का अवसर मिला। जंगल में वन्यजीवों की स्वाभाविक गतिविधियों और अठखेलियों को देखकर विद्यार्थी रोमांचित हो उठे। विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को भी उनके प्राकृतिक आवास में देखने का दुर्लभ अनुभव विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण रहा। भ्रमण के दौरान फील्ड बायोलॉजिस्ट मोहम्मद मैराज ने विशेष प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विद्यार्थियों को वन्यजीवों एवं पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों, उनके प्राकृतिक आवास, भोजन, जीवन चक्र, आबादी और संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को वन्यजीवों के पारिस्थितिक महत्व और उनके संरक्षण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका से भी अवगत कराया। रणथंभौर भ्रमण के बाद विद्यार्थियों ने राजीव गांधी नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम का भी अवलोकन किया। यहां उन्हें प्रकृति, जैव विविधता और वन्यजीवों की दुनिया को और करीब से समझने का अवसर मिला। इस शैक्षणिक भ्रमण में वन विभाग के वन्यजीव प्रभाग, सवाई माधोपुर के फील्ड डायरेक्टर श्री एस.पी. सिंह का सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा। दोनों दिन के भ्रमण कार्यक्रम में ममता साहू ने भी महत्वपूर्ण सहयोग किया। विक्रम सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा की पढ़ाई से आगे प्रकृति के बीच ले जाकर जैव विविधता, वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना रहा।

मानदेय बढ़ाने और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग,

कुक-कम-हेल्परों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

15 अगस्त 1995 से कार्यरत कुक-कम-हेल्परों ने उठाई नियमितीकरण की मांग, मांगें पूरी नहीं होने पर विधानसभा घेराव और अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

स्मार्ट हलचल



भीलवाड़ा राजस्थान की कुक-कम-हेल्परों ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर राज्य और केंद्र सरकार से लंबित मांगों के समाधान की गुहार लगाई। जिला संयोजक सुशीला जेठ के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कुक-कम-हेल्परों ने कहा कि वे 15 अगस्त 1995 से लगातार राजकीय विद्यालयों में सेवाएं दे रही हैं, लेकिन इतने लंबे समय बाद भी उन्हें अल्प मानदेय पर काम करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में 1 अप्रैल 2026 से उनका मानदेय 2467 रुपये प्रतिमाह के हिसाब से दिया जा रहा है, जो महंगाई के दौर में बेहद कम है। उन्होंने सरकार से मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि करने की मांग की। साथ ही लंबे समय से सेवाएं दे रही कुक-कम-हेल्परों को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्त करने, प्रतिवर्ष 15 आकस्मिक अवकाश देने तथा अन्य राजकीय कर्मचारियों की तरह सभी परिलाभ उपलब्ध कराने की मांग रखी। कुक-कम-हेल्परों ने पांचवीं मांग के रूप में उन्हें संविदा सेवा नियमों में शामिल करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि करीब तीन दशक से अधिक समय से सरकारी विद्यालयों में सेवाएं देने के बावजूद उन्हें स्थायी कर्मचारी जैसी सुविधाएं और सुरक्षा नहीं मिल रही है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर राजस्थान की कुक-कम-हेल्पर बेलन-चकलोटा डाउन हड़ताल करेंगी तथा विधानसभा का घेराव किया जाएगा। इसके तहत पीएम पोषण योजना (राष्ट्रीय मिड-डे मील योजना) और मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना का कार्य भी बंद किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि जनवरी 2027 से किसी भी स्कूल में दूध एवं पोषाहार वितरित नहीं किया जाएगा तथा विधानसभा के बाहर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। इसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य एवं केंद्र सरकार की होगी। इस दौरान शांति देवी, उत्तर, स्मोजनी, केसर कंवर, कमली, सुशीला देवी, सरोज, शमी सहित अन्य कुक-कम-हेल्पर मौजूद रहीं।

मांडल में माहेश्वरी महिला संगठन की बैठक आयोजित, सामाजिक एकता और महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर

प्रतिभाओं को किया सम्मानित, हाट बाजार के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का दिया संदेश

स्मार्ट हलचल



आकोला। माहेश्वरी महिला संगठन के अष्टम सत्र की बैठक, कार्य समिति एवं कार्यकारिणी की बैठक मांडल में आयोजित हुई। बैठक में जिले की विभिन्न तहसीलों से संगठन की अध्यक्ष, सचिव एवं पदाधिकारी शामिल हुईं। मांडल अध्यक्ष सुधा बिरला ने सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों का स्वागत किया। जिला संयुक्त मंत्री आशा पटवारी ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एकता, संगठन की मजबूती, महिलाओं की सक्रिय सहभागिता एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से समाज और संगठन को नई दिशा मिलती है। बैठक में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ममता, प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा, जिलाध्यक्ष भारती बाहेती, जिला सचिव निशा काखाणी एवं जिला कोषाध्यक्ष दिव्या काल्या सहित संगठन की अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहीं। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ममता ने समाज के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्हें संगठनात्मक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा ने सभी सदस्यों से नियमित बैठकों में उपस्थित रहने तथा अधिक से अधिक सामाजिक कार्यक्रमों में सहभागिता निभाने की अपील की। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष दिव्या काल्या ने संगठन के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया, जबकि संगठन मंत्री ने संगठनात्मक रिपोर्ट सदन के समक्ष रखी।

प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

परिवार प्रबोधन समिति के अंतर्गत आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा एवं विचारों का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। वहीं 'रिश्तों की रोशनी' कार्यक्रम में गंगापुर ने प्रथम, भीलवाड़ा ने द्वितीय तथा मांडल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

हाट बाजार से दिया आत्मनिर्भरता का संदेश

महिला स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बैठक में हाट बाजार भी लगाया गया। इसमें महिलाओं द्वारा तैयार एवं उपलब्ध कराई गई विभिन्न वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया। इस पहल के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनकी प्रतिभा और हुनर को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में पावरल सचिव आरती बिरला ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

7 साल से मां सरपंच अब बेटे ने संभाली गांव की कमान, माँ ने थमाई विकास के लिए पुत्र को कलम

विधायक गोपाल खंडेलवाल का बेलगाड़ी में बिठाकर निकाली बिंदोली से किया अभिनंदन

जस्सू जी का खेड़ा पंचायत में दादा से लेकर पोता तक लगातार 30 वर्षों से पंचायत की कमान

जस्सू जी का खेड़ा में नवनिर्वाचित सरपंच कार्तिक गुर्जर का पदभार ग्रहण समारोह आयोजित

स्मार्ट हलचल



काछोला 18 नवंबर क्षेत्र के ग्राम पंचायत जस्सू जी का खेड़ा में नवनिर्वाचित सरपंच कार्तिक गुर्जर का पदभार ग्रहण समारोह विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। समारोह के दौरान विधायक खंडेलवाल का ग्रामीणों ने पारंपरिक अंदाज में भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नवनिर्वाचित सरपंच कार्तिक गुर्जर द्वारा विधायक खंडेलवाल को पारंपरिक बेलगाड़ी में बैठाकर बिंदोली निकालना रहा। ग्रामीणों ने जगह-जगह आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन कर समारोह को उत्सवी स्वरूप प्रदान किया। पारंपरिक ग्रामीण संस्कृति की झलक के बीच आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम में ग्रामीणों का उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विधायक खंडेलवाल ने नवनिर्वाचित सरपंच कार्तिक गुर्जर को पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने ग्राम पंचायत के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और आमजन की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही ग्रामीणों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। सभी अतिथियों का स्वागत पूर्व सरपंच भेरू लाल गुर्जर,सरपंच कार्तिक गुर्जर ने किया। मां ने पुत्र को सम्भलाया चार्ज दी कलम - जस्सू जी का खेड़ा ग्राम पंचायत के सरपंच पद पर कार्तिक गुर्जर निर्वाचित हुए इससे पूर्व सरपंच कार्तिक की माताजी फोरी देवी गुर्जर सरपंच थी अब बेटे ने मां से आशीर्वाद लेकर कार्यभार संभाला और माताजी फोरी देवी ने पंचायत के विकास कार्यों के लिए कलम थमाई । दादा से पोता तक का सफर - ग्राम पंचायत जस्सू जी का खेड़ा के पूर्व सरपंच भेरू लाल गुर्जर ने बताया कि वर्ष 2000 से भेरू लाल गुर्जर,पिता जगरूप गुर्जर,पत्नी फोरी देवी गुर्जर, अब पुत्र कार्तिक गुर्जर ने पंचायत के सरपंच पद पर निर्वाचित हुए है जो कि लगातार छठी बार ग्रामीणों ने आशीर्वाद दिया है। समारोह में मालासेरी डूंगरी के मुख्य पुजारी हेमराज पोसवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता गोवर्धन वैष्णव,संदीप सोनी,भेरू लाल मंत्री, थलकला सरपंच प्रतिनिधि हरीश चौधरी, राजगढ़ प्रतिनिधि बद्री गुर्जर, काछोला प्रतिनिधि अरविंद माली, जालिया प्रतिनिधि पप्पू सिंह, सरथला सरपंच सरदार मीणा, मालासेरी सरपंच सांवर गुर्जर, जगपुरा सरपंच नारायण लाल, चैनपुरिया सरपंच रतन लाल, मानपुरा से बनवारी लाल, दौलपुरा से लाला सिंह, श्रीनगर से दीवान सिंह, झंझोला से गोपाल तथा गणेशपुरा से ओम बैरवा सहित विभिन्न गांवों के जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

मतगणना की तैयारी तेज, 234 कार्मिकों को सिखाए निष्पक्ष गणना के गुर

20 नवंबर को होगी जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना, जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए सख्त निर्देश

स्मार्ट हलचल

ब्यावर। पंचायत राज चुनाव की मतगणना को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आगामी 20 नवंबर को होने वाली जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाने के लिए राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय में 234 गणन पर्यवेक्षकों एवं सहायक गणन पर्यवेक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कमल राम मीना ने कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि मतगणना निर्वाचन प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील चरण है। इसमें प्रत्येक कार्मिक की जिम्मेदारी अहम है। सभी कार्मिक पूरी गंभीरता एवं सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और निर्धारित नियमों की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित करें। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्राचार्य डॉ. योगेश कुमार भाटी, नेमीचन्द यादव एवं खीमराज कटारिया ने कार्मिकों को मतगणना की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने मतगणना की निर्धारित प्रक्रिया, नियमों, सावधानियों एवं विभिन्न जिम्मेदारियों की विस्तार से जानकारी देते हुए व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन एवं समुचित प्रबंधन राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेश कुमार भाटी द्वारा किया गया।



11 हजार दीपों से जगमगाया स्टेच्यू सर्किल, आतिशबाजी से रोशन हुआ आसमान; जयपुर ने धूमधाम से मनाया 299वां स्थापना दिवस

गंगापोल गेट पर गणेश पूजन से शुरुआत, स्टेच्यू सर्किल पर दीपोत्सव तक दिखा जयपुर का शाही अंदाज...

कहीं हेलीकॉप्टर से फूलों की वर्षा, कहीं शहनाई की मधुर धुन; जयपुर के जन्मोत्सव पर संस्कृति और परंपरा का अनूठा संगम

स्मार्ट हलचल







जयपुर - गुलाबी नगरी जयपुर के 299वें स्थापना दिवस पर बुधवार को शहर में आस्था, परंपरा और उत्सव का अद्भुत संगम देखने को मिला। ऐतिहासिक गंगापोल गेट पर प्रथम पूज्य भगवान गणेश की पूजा-अर्चना से शुरू हुआ उत्सव शाम होते-होते स्टेच्यू सर्किल पर रोशनी और रंगों के भव्य नजारे में बदल गया। कहीं हेलीकॉप्टर से बरसते फूलों ने लोगों को रोमांचित किया तो कहीं शहनाई की मधुर धुन, लोकगीतों पर थिरकते कलाकारों और आसमान में गूंजती आतिशबाजी ने स्थापना दिवस को यादगार बना दिया। स्थापना दिवस के अवसर पर गंगापोल गेट पर महापौर सुनील कोठारी एवं जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने विधि-विधान के साथ भगवान गणेश का पूजन कर शहर की सुख-समृद्धि, खुशहाली और निरंतर प्रगति की कामना की। इस दौरान महापौर सुनील कोठारी ने जयपुरवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, उपमहापौर सरोज कंवर, पार्षद विमल अग्रवाल, प्रतिभा शर्मा, कविता शर्मा, सुभाष संघी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पार्षद मौजूद रहे। समारोह का आकर्षण उस समय और बढ़ गया, जब हेलीकॉप्टर से आमजन पर गुलाब की पंखुड़ियों की पुष्पवर्षा की गई। आसमान से बरसते फूलों ने उत्सव में शामिल लोगों को रोमांचित कर दिया। इसके बाद महापौर सुनील कोठारी ने गोविंददेवजी मंदिर पहुंचकर दर्शन एवं पूजन किया। मंदिर परिसर में कलाकारों ने जयपुर घराने की कथक नृत्य प्रस्तुति देकर सांस्कृतिक विरासत की सुंदर झलक पेश की।

11 हजार दीपों की रोशनी से निखरा स्टेच्यू सर्किल

शाम को स्थापना दिवस का मुख्य आकर्षण स्टेच्यू सर्किल रहा, जहां राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने दीप प्रज्ज्वलन समारोह का शुभारंभ किया। गायत्री परिवार के सदस्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्ज्वलित किए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, सांसद मंजू शर्मा, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, महापौर सुनील कोठारी, उपमहापौर सरोज कंवर सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा एवं अतिरिक्त आयुक्त नरेंद्र कुमार बंसल सहित निगम के अधिकारी और कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। स्टेच्यू सर्किल पर 11 हजार इलेक्ट्रॉनिक एवं मिट्टी के दीपकों की रोशनी ने पूरे परिसर को जगमगा दिया। चारों ओर सजे दीपों के बीच जयपुर की ऐतिहासिक पहचान और सांस्कृतिक वैभव का मनमोहक दृश्य नजर आया। कार्यक्रम में आठ हाथियों पर शहनाई वादन की विशेष प्रस्तुति ने समारोह को पारंपरिक राजसी रंग दिया। वहीं कलाकारों ने लोकगीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

आतिशबाजी ने बांधा समां, विदेशी सैलानियों ने भी लिया आनंद

समारोह के दौरान भव्य आतिशबाजी से आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से नहा उठा। दीपों की जगमगाहट, शहनाई की स्वर लहरियां, लोकनृत्य और आतिशबाजी ने ऐसा माहौल बनाया कि स्टेच्यू सर्किल पर मौजूद जयपुरवासी मंत्रमुग्ध हो गए। यहां भी हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई तथा गायत्री मंत्रों के उच्चारण से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में प्रस्तुत जयपुर अखिल विश्व से न्यारा गीत ने शहर के प्रति गौरव और अपनत्व की भावना को स्वर दिया। समारोह में पहुंचे विदेशी सैलानियों ने भी इस सांस्कृतिक उत्सव का आनंद लिया। कुल मिलाकर जयपुर का 299वां स्थापना दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि शहर की ऐतिहासिक विरासत, धार्मिक आस्था, लोकसंस्कृति और आधुनिक उत्सवी अंदाज का ऐसा संगम बनकर सामने आया, जिसने गुलाबी नगरी की पहचान को एक बार फिर जीवंत कर दिया।

पुष्कर मेला : सजे-धजे ऊंटों ने खींचा पर्यटकों का ध्यान, श्रृंगार प्रतियोगिता में 6 प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

स्मार्ट हलचल



पुष्कर/ अजमेर/राजस्थान के अजमेर जिले के पुष्कर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले में इन दिनों पशुओं से जुड़ी प्रतियोगिताओं के साथ ग्रामीण संस्कृति की अनूठी झलक देखने को मिल रही है। बुधवार को मेले में ऊंट श्रृंगार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 6 प्रतिभागियों ने अपने सजे-धजे ऊंटों के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में रंग-बिरंगे गोरबंद, पारंपरिक आभूषण और आकर्षक सजावटी सामान से सजे ऊंट दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे। मैदान में एक से बढ़कर एक खूबसूरती से सजाए गए ऊंट नजर आए। उनके पारंपरिक श्रृंगार को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे रहे। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पहुंचे ऊंट पालकों ने बताया कि ऊंटों का श्रृंगार करने में काफी मेहनत और समय लगता है। इसके लिए कई दिन पहले से तैयारियां शुरू करनी पड़ती हैं। ऊंट की प्रकृति और उसके शरीर के अनुरूप सजावटी सामान तैयार किया जाता है, ताकि श्रृंगार आकर्षक होने के साथ ही ऊंट को किसी तरह की परेशानी भी न हो। गोरबंद, रंगीन धागों और पारंपरिक सजावटी वस्तुओं से ऊंटों को विशेष रूप दिया जाता है। ऊंट पालकों के अनुसार, ऊंटों को सजाना केवल प्रतियोगिता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राजस्थान की पुरानी परंपरा का हिस्सा है। इसके जरिए पशुओं के प्रति लगाव और उन्हें परिवार के सदस्य की तरह रखने की भावना भी दिखाई देती है। पुष्कर मेले में आयोजित यह प्रतियोगिता ग्रामीण जीवन, पशुपालन और लोक संस्कृति को करीब से जानने का अवसर प्रदान करती है। मेले में आने वाले पर्यटक राजस्थान की उन परंपराओं से रूबरू होते हैं, जो आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में जीवंत हैं। पशुओं की सजावट और उनसे जुड़ी प्रतियोगिताएं मनोरंजन के साथ प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का काम भी करती हैं। प्रतियोगिता के समापन पर सर्वश्रेष्ठ श्रृंगार करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार मिलने पर ऊंट पालकों में उत्साह देखने को मिला। रंगों, परंपराओं और पशुओं के प्रति प्रेम से सजी इस प्रतियोगिता ने पुष्कर मेले की रौनक बढ़ा दी।

जिला स्तरीय एनसीएससी शोध प्रतियोगिता 2026 में पनोतिया विद्यालय की परियोजना का राज्य स्तर पर चयन

स्मार्ट हलचल



शाहपुरा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार, उदयपुर के तत्वावधान में मंगलवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, गुलमंडी में जिला स्तरीय एनसीएससी शोध प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया गया। इसमें जिले के 10 विद्यालयों के 34 बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया तथा अपनी शोध परियोजनाओं का पीपीटी एवं पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'सतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार' था। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने विभिन्न उपविषयों पर आधारित अपने शोध एवं नवाचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पनोतिया के बाल वैज्ञानिक कन्हैया लाल गुर्जर एवं देवेन्द्र गुर्जर ने मार्गदर्शक शिक्षक. महेश कुमार कोली के निर्देशन में तैयार शोध परियोजना का प्रभावशाली प्रस्तुतिकरण किया। निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन के पश्चात पनोतिया विद्यालय की परियोजना का राज्य स्तरीय एनसीएससी शोध प्रतियोगिता 2026 के लिए चयन हुआ। जिले से कुल चार परियोजनाओं का राज्य स्तर के लिए चयन किया गया। मार्गदर्शक शिक्षक महेश कुमार कोली ने बताया कि विद्यालय के बाल वैज्ञानिक पूर्व में भी विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कर चुके हैं। अब तक विद्यालय के विद्यार्थियों की शोध परियोजनाएँ तीन बार राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हो चुकी हैं। यह उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं अनुसंधान की बढ़ती रुचि को दर्शाती है। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारंभिक शिक्षा डॉ. रामेश्वर प्रसाद जीनगर एवं विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र गहलोत सहित अन्य अतिथियों ने चयनित बाल वैज्ञानिकों एवं मार्गदर्शक शिक्षक को सम्मानित किया। विद्यालय की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य, विपिन कुमावत, उप प्रधानाचार्य रामकिशन कुमावत, समस्त स्टाफ एवं ग्रामवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दोनों बाल वैज्ञानिकों एवं मार्गदर्शक शिक्षक को बधाई दी तथा राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं।

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में भीलवाड़ा की मजबूत भागीदारी, शशांक बिड़ला और राघव कोठारी हुए निर्वाचित

शशांक बिड़ला बने राष्ट्रीय खेल मंत्री, राघव कोठारी राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित

स्मार्ट हलचल



भीलवाड़ा। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन की पंचदश सत्र (2026-2029) की नवनिर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में भीलवाड़ा के दो युवाओं ने महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर शहर का गौरव बढ़ाया है। 15 नवंबर 2026 को श्री गिरिराज जी गोवर्धन की पावन धरा पर संपन्न निर्वाचन प्रक्रिया में भीलवाड़ा के श्री शशांक बिड़ला राष्ट्रीय खेल मंत्री तथा श्री राघव कोठारी राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। यह निर्वाचन प्रक्रिया निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शरद सोनी जी (नागपुर) की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई, जिनके सम्मुख पंचदश सत्र (2026-2029) के पदाधिकारियों का निर्वाचन निर्विघ्न रूप से संपन्न हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी श्री अमित सारड़ा ने गोवर्धन में अंतिम निर्वाचन परिणामों की आधिकारिक घोषणा की। दोनों युवाओं को राष्ट्रीय संगठन में महत्वपूर्ण दायित्व मिलने से भीलवाड़ा के माहेश्वरी समाज एवं युवा वर्ग में हर्ष का वातावरण है। पंचदश सत्र की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर श्री अनुज सोनी (जयपुर), राष्ट्रीय महामंत्री पद पर श्री पुष्पक लढ़ा (मुंबई), राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय वाणिज्यक मंत्री पद पर श्री सागर लोहिया (अकोला), राष्ट्रीय संगठन मंत्री पद पर श्री सुनील सोनी (हैदराबाद) एवं राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंत्री पद पर श्री वैभव भूतड़ा (हुबली) निर्वाचित हुए हैं। विशेष उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पश्चिमांचल से चार पदाधिकारियों को प्रतिनिधित्व मिला है, जिनमें राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अनुज सोनी (जयपुर), राष्ट्रीय खेल मंत्री श्री शशांक बिड़ला (भीलवाड़ा), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अविनाश अजमेरा (कोटा) एवं राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री श्री राघव कोठारी (भीलवाड़ा) शामिल हैं। इस प्रकार भीलवाड़ा के दो युवाओं को राष्ट्रीय नेतृत्व में जिम्मेदारी मिलने के साथ पश्चिमांचल का संगठन में महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हुआ है।

जुनून ऐसा कि प्यास भी हौसला नहीं तोड़ सकी, 45 किमी की पदयात्रा कर शिव माली ने फिर रचा विश्व रिकॉर्ड

10 घंटे 30 मिनट तक बिना पानी पिए चलते रहे शिव, ढिकोला से धनोप माता मंदिर तक की यात्रा हिस्ट्री बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड न्यूयॉर्क (नै।) में दर्ज

स्मार्ट हलचल



शाहपुरा कहते हैं कि जब इरादे मजबूत हों और लक्ष्य कुछ अलग कर गुजरने का हो तो रास्ते की मुश्किलें भी हौसले के आगे घुटने टेक देती हैं। जुनून की इसी मिसाल को चरितार्थ किया है शाहपुरा क्षेत्र के ढिकोला गांव के युवा आर्टिस्ट शिव माली ने। अपनी असाधारण इच्छाशक्ति, अदम्य साहस और कुछ नया करने की ललक के दम पर शिव माली ने एक बार फिर विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने 45 किलोमीटर की लंबी पैदल यात्रा बिना पानी पिए महज 10 घंटे 30 मिनट में पूरी कर एक नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया है। उनकी इस उपलब्धि को हिस्ट्री बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, न्यूयॉर्क (नै।) में दर्ज किया गया है। शिव माली की यह उपलब्धि केवल एक पैदल यात्रा पूरी करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे वर्षों की मेहनत, निरंतर प्रयास, आत्मविश्वास और अपने गांव व जिले का नाम देश-दुनिया में रोशन करने का संकल्प छिपा है। शिव इससे पहले भी छह विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं। अब सातवीं बड़ी उपलब्धि के रूप में 45 किलोमीटर की यह अनूठी यात्रा उनके रिकॉर्ड के सफर में एक और गौरवशाली अध्याय बन गई है।

माता के जयकारों के बीच शुरू हुआ सफर, रात तीन बजे पहुंचे दरबार

नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालु अपनी-अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार माता रानी के दरबार में पहुंचते हैं। कोई वाहन से तो कोई पैदल यात्रा कर माता के दर्शन करता है। कई भक्त कठिन तपस्या और दंडवत यात्रा के माध्यम से अपनी आस्था प्रकट करते हैं। लेकिन शिव माली ने भक्ति के इस मार्ग पर एक अनूठा संकल्प लेकर ऐसी यात्रा की, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। 17 अक्टूबर 2026 को शाम 5रू30 बजे ढिकोला गांव से शिव माली ने धनोप माता मंदिर के लिए अपनी पैदल यात्रा प्रारंभ की। उनके संकल्प के अनुसार इस दौरान उन्होंने लगातार 10 घंटे 30 मिनट तक पानी ग्रहण नहीं किया। रात के अंधेरे में लंबा रास्ता, थकान और शारीरिक चुनौतियां भी उनके कदमों को रोक नहीं सकीं। पूरी रात वे श्जय माता दीश् के जयकारे लगाते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे। आखिरकार रात करीब 3 बजे वे धनोप माता मंदिर परिसर पहुंच गए। यहां पहुंचकर उन्होंने माता रानी के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। मंदिर पहुंचने के बाद ही उन्होंने सबसे पहले जल ग्रहण किया। इसके बाद पानी पीना शुरू किया। इस तरह 45 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण यात्रा पूरी कर उन्होंने अपने संकल्प को सफलता में बदल दिया।

छह रिकॉर्ड के बाद सातवीं उपलब्धि, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान

शिव माली का रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला नया नहीं है। वे पहले भी अपनी अलग-अलग प्रतिभाओं और अनूठे प्रयासों से छह विश्व रिकॉर्ड बना चुके हैं। हर बार कुछ नया करने और अपनी क्षमता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की उनकी कोशिश उन्हें दूसरों से अलग पहचान देती है। इस बार 45 किलोमीटर की पदयात्रा में बिना पानी पिए 10 घंटे 30 मिनट तक लगातार चलने का उनका प्रयास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दर्ज हुआ है। हिस्ट्री बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, न्यूयॉर्क में नाम दर्ज होना उनके लिए व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ-साथ ढिकोला गांव और शाहपुरा क्षेत्र के लिए भी गौरव का विषय है।

गांव की पहचान को वैश्विक मंच तक पहुंचाने का जुनून

शिव माली की सबसे खास बात यह है कि उनकी उपलब्धियों के पीछे केवल व्यक्तिगत पहचान बनाने की चाह नहीं, बल्कि अपने गांव ढिकोला और भीलवाड़ा जिले का नाम रोशन करने की भावना भी जुड़ी हुई है। वे लगातार नए-नए प्रयोग करते रहते हैं और अपनी प्रतिभा के माध्यम से क्षेत्र को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास करते हैं। इस यात्रा में आरणी गांव के ओमप्रकाश माली भी उनके साथ सहभागी बने। पूरी यात्रा के दौरान उनके साथ ने इस प्रयास को और खास बनाया। शिव माली की यह उपलब्धि बताती है कि प्रतिभा किसी बड़े शहर या संसाधनों की मोहताज नहीं होती। छोटे से गांव में रहने वाला कलाकार भी अपने जुनून, संकल्प और निरंतर प्रयासों से अंतरराष्ट्रीय पहचान बना सकता है। ढिकोला की धरती से निकले शिव माली ने एक बार फिर साबित किया है कि सपने बड़े हों तो रास्तों की दूरी मायने नहीं रखती। 45 किलोमीटर का सफर, 10 घंटे 30 मिनट का कठिन संकल्प और माता रानी के जयकारों के बीच पूरी हुई यह यात्रा अब उनके नाम के साथ विश्व रिकॉर्ड के रूप में दर्ज हो गई है। शिव की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है कि यदि लक्ष्य के प्रति समर्पण हो तो गांव की गलियों से निकलकर भी दुनिया के मंच पर अपनी पहचान बनाई जा सकती है।

जिले में पेट्रोल पंपों पर विधिक माप विज्ञान विभाग द्वारा औचक निरीक्षण

स्मार्ट हलचल



भीलवाडा। मंत्री के निर्देशानुसार एवं विधिक माप विज्ञान विभाग के नियंत्रक द्वारा गठित विशेष दल की ओर से जिले में पेट्रोल पंपों पर औचक निरीक्षण अभियान लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। अभियान के तहत बुधवार को टीम ने भीलवाड़ा बाईपास स्थित पेट्रोल पंप प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री दाता एचपी सेंटर पर सत्यापन प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं पाए जाने पर नियमानुसार ?500 की शास्ति वसूल की गई। निरीक्षण के दौरान सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति निर्धारित मात्रा के अनुरूप सही पाई गई। टीम द्वारा श्री दाता एचपी सेंटर, श्री विराट पेट्रोलियम, गर्ग पेट्रोलियम, एचएसडी साइट, डीके फिलिंग स्टेशन एवं यूएचएफ फिलिंग स्टेशन पर निरीक्षण की कार्रवाई की गई। विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा, पेट्रोल एवं डीजल की सही मात्रा में आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा विधिक माप विज्ञान अधिनियम एवं संबंधित नियमों की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

विशेष लोक अदालत (एनआई एक्ट) एवं मध्यस्थता 3.0 अभियान के सफल आयोजन हेतु न्यायिक अधिकारियों की बैठक आयोजित

जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने दिए आवश्यक निर्देश

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा । राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार दिनांक 21 नवम्बर 2026 (शनिवार) को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत (एनआई एक्ट) एवं मध्यस्थता 3.0 अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्री अभय जैन की अध्यक्षता में जिले के समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ ऑनलाइन एवं ऑफलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक में उक्त अभियान एवं लोक अदालत के सफल आयोजन तथा अधिकाधिक प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्री अभय जैन ने जिले के समस्त न्यायिक अधिकारियों को न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने तथा प्रत्येक तारीख पेशी पर प्रकरणों में योजनाबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजीनामा योग्य प्रकरणों को अधिकाधिक मध्यस्थता हेतु रेफर करने तथा पक्षकारों के मध्य आपसी सहमति से विवादों के समाधान हेतु प्रभावी प्रयास करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विशेष लोक अदालत के लिए एनआई एक्ट के प्रकरणों को चिन्हित कर उनमें प्री-काउंसलिंग के माध्यम से पक्षकारों को राजीनामे हेतु प्रेरित करने तथा अधिवक्तागण के सहयोग से अधिकाधिक प्रकरणों का आपसी सहमति से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के प्रारंभ में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा की सचिव श्रीमती रश्मि आर्य ने विशेष लोक अदालत एवं मध्यस्थता 3.0 अभियान के सफल आयोजन हेतु अब तक की गई तैयारियों एवं प्रयासों से अध्यक्ष को अवगत कराया।

घर में लगी अचानक आग ने सब कुछ जलाकर राख कर दिया



स्मार्ट हलचल

गुरला बीती रात गुरला में बाबू लाल / रामचंद्र पिता गोपी लाल रेगर के मकान में रात 12 बजे बाद अचानक आग लग गई। आग ने देखते ही देखते ऊपरी कमरे में रखे कपड़े, बिस्तर, खोटी में रखी दो बोरी मक्की, घरेलू सामान, मेक अप और आर्टिफिशियल सामान को अपनी चपेट में ले लिया। आग में करीब 2 से 3 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि मकान की छत की पट्टियां नहीं टूटीं। अगर पट्टियां टूट जातीं तो बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि छत के नीचे पूरा परिवार सो रहा था। आग लगते ही पास-पड़ोसियों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

भीलवाड़ा सीएमएचओ की कुर्सी पर फिर लौटे डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी, कार्यालय कार्मिकों ने किया स्वागत

डॉ. संजीव कुमार शर्मा से लिया कार्यभार, 17 नवंबर को जारी राज्य सरकार के आदेश पर हुई पुनर्नियुक्ति

भीलवाड़ा । भीलवाड़ा जिले की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था की कमान एक बार फिर डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी के हाथों में आ गई है। राज्य सरकार के आदेश के बाद बुधवार को उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) के पद पर पुनः कार्यभार ग्रहण कर लिया। संयुक्त शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (ग्रुप-2) विभाग एवं पंचायतीराज (चिकित्सा) विभाग, राजस्थान जयपुर की ओर से 17 नवंबर 2026 को जारी आदेश की पालना में डॉ. गोस्वामी बुधवार सुबह सीएमएचओ कार्यालय पहुंचे और विधिवत पदभार संभाला। इससे पहले जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा को सीएमएचओ का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था। बुधवार को डॉ. शर्मा ने उन्हें पदभार सौंपते हुए शुभकामनाएं दीं। डॉ. गोस्वामी के पुनः कार्यभार ग्रहण करने पर सीएमएचओ कार्यालय के विभिन्न अनुभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पुष्पमालाओं से उनका स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान कार्मिकों ने उन्हें नई पारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उनके दोबारा पदभार संभालने के साथ ही जिले की स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा विभाग की प्रशासनिक जिम्मेदारियां फिर उनके अधीन आ गई हैं।




प्रवाहित हुई श्रद्धा, आस्था एवं भक्ति की त्रिवेणी, रूक्मणी मंगल कथा सुनने उमड़े हजारों श्रद्धालु

16108 श्री तुलसी शालिग्रामजी विवाह महामहोत्सव के लिए बारात लेकर आज शाम भीलवाड़ा पधारेंगे गढ़बोर चारभुजानाथ

उल्लास के माहौल में हल्दी एवं मेहंदी की रस्म, महारास में साकार हुआ प्रेम एवं भक्ति का नजारा

स्मार्ट हलचल





भीलवाड़ा। धर्मनगरी भीलवाड़ा की पुण्यधरा पर श्री तुलसी शालिग्राम विवाह महोत्सव सेवा समिति के तत्वावधान में श्री वल्लभ संकीर्तन सेवा संघ के संयोजन में पहली बार आयोजित होने जा रहे 16108 श्री तुलसी शालिग्रामजी विवाह महामहोत्सव की जिस मांगलिक घड़ी का इन्तजार लंबे समय से किया जा रहा था वह अब समाप्त होने वाली है। श्री तुलसी महारानी से विवाह करने के लिए राजाधिराज मेवाड़ धणी श्री गढ़बोर चारभुजानाथ पहली बार बारात लेकर भीलवाड़ा पहुंचने वाले है। बारात का गुरूवार शाम 5 बजे आयोजन के सूत्रधार गौवत्स विष्णुश्री कृष्णतनय महाराज एवं मुख्य आचार्य योगेन्द्र शर्मा के सानिध्य में पुर रोड रीको चौराहा स्थित पंचमुखी बालाजी मंदिर में भव्य स्वागत करने के लिए आयोजन समिति ने पूरी तैयारियां कर ली है। श्रीगढ़बोर चारभुजानाथ की बारात की अगवानी आयोजन समिति के सदस्यों के साथ भीलवाड़ावासी भक्तगण करेंगे। श्री तुलसी शालिग्रामजी विवाह महामहोत्सव में पाणिग्रहण संस्कार की रस्मे 20 नवम्बर को सुबह 8.15 बजे आजादनगर एमपीएस स्कूल ग्राउंड से प्रारंभ होगी। दिव्य बारात शोभायात्रा सुबह 8.15 बजे रामधाम से प्रारंभ होगी। मेवाड़ धणी श्री गढ़बोर चारभुजानाथ के साथ भीलवाड़ा के विभिन्न मंदिरों में स्थापित भगवान चारभुजनाथ बारात लेकर विवाह महामहोत्सव स्थल पधारेंगे। तोरण की रस्म सुबह 11.15 होगी। दोपहर 12.15 बजे पाणिग्रहण संस्कार होगा। बारात विदाई की रस्म शाम 5 बजे होगी। चार दिवसीय महामहोत्सव के दूसरे दिन बुधवार सुबह आयोजन स्थल मेडिसिटी ग्राउण्ड में विवाह पूर्व की हल्दी एवं मेहंदी मनोरथ की रस्म उत्साह के माहौल में सम्पन्न हुई। महिलाओं ने तुलसी महारानी के जयकारे एवं गीत गाते हुए उल्लास के साथ मेहंदी हाथों में रचाई एवं हल्दी की रस्म निभाई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं पीले वस्त्र धारण करके आई थी। दोपहर में पांडाल में तीन दिवसीय रूक्मणी मंगल कथा के दूसरे दिन व्यासपीठ से आयोजन के सूत्रधार गौवत्स विष्णुश्री कृष्णतनय महाराज ने रूक्मणी विवाह से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का वाचन करते हुए भक्ति की ऐसी मधुर धारा प्रवाहित की जिसका रसपान करते हुए श्रद्धालुगण झूमते रहे। रूक्मणी मंगल कथा श्रवण करने भक्तों विशेषकर महिलाओं का ऐसा सैलाब उमड़ा कि विशाल पांडाल भी छोटा पड़ गया ओर जिसे जहां स्थान मिला वहीं बैठ श्रद्धा एवं भक्ति के साथ कथा श्रवण करता रहा। इस दौरान व्यास पीठ से कोई भी भजन शुरू ही श्रद्धालु झूमते हुए नाचते गाते रहे। कथा के दूसरे दिन गौवत्स विष्णुश्री कृष्णतनय महाराज ने रूक्मणीजी के द्वारिकाधीश से ही विवाह करने के संकल्प एवं भावनाओं का ऐसी मार्मिक चित्रण किया कि कई श्रद्धालु भावुक हो उठे। उनकी कथा ठाकुरजी के प्रति असीम प्रेम, पारिवारिक ओर सामाजिक परिस्थितियों पर केन्द्रित रही। कथा के माध्यम से बताया गया कि रूक्मणी का द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम, भक्ति, समपर्ण ओर विश्वास कितना उत्कृष्ट था। महाराजश्री ने कहा कि जो प्रभु से सच्चा प्रेम करते है प्रभु सदा उसके पास होते है। प्रभु सच्चे भावों के साथ सर्वस्व समर्पित कर दीजिए वह आपकी मनोकामना अवश्य पूर्ण करेंगे। रूक्मणीजी के तरह जो प्रभु की प्राप्ति की कामना ओर साधना करता है उसके प्रभु अवश्य मिलते है। प्रभु के प्रति हमारी भक्ति ओर प्रेम कैसा होना चाहिए ये रूक्मणीजी के जीवन से सीख सकते है। महाराजश्री ने बताया कि अभी मेवाड़ धणी गढ़बोर चारभुजानाथ यहां बारात लेकर आने वाले है ओर अगले वर्ष 5 से 12 नवम्बर तक हमे गढ़बोर चारभुजाजी के मायरा भरने के लिए जाना है। इस दौरान भागवत भक्ति की धारा प्रवाहित होगी। कथा के दौरान उदासीन आश्रम के महामंडलेश्वर हंसाराम महाराज ने व्यास पीठ का अभिनंदन करने के साथ उद्बोधन में कहा कि भीलवाड़ा 16108 तुलसी का शालिग्रामजी से विवाह कर भक्ति एवं श्रद्धा का नया इतिहास रचने जा रहा है। नेपाल से इतनी बड़ी संख्या शालिग्रामजी के विग्रह यहां लाकर विवाह रचाने की पहल साधुवाद की पात्र है। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि मेवाड़ धणी गढ़बोर चारभुजाजी से ठाकुरजी बारात लेकर भीलवाड़ा आ रहे है तुलसी शालिग्रामजी के ऐसे भव्य विवाह आयोजन का साक्षी होने का सौभाग्य हमे मिल रहा है। दूसरे दिन की कथा विश्राम पर व्यास पीठ का स्वागत अभिनंदन करने वालों में प्रधान कथा यजमान बालूलाल पोरवाल बड़लियास, कैलाश लाखोटिया परिवार, शकुन्तला चेचाणी, पंडित अशोक व्यास आदि शामिल थे। कथा के अंत में हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव के साथ व्यासपीठ की आरती की। मुख्य आचार्य योगेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में मंच संचालन डॉ. हंसा व्यास ने किया। आयोजन समिति के संयोजक डॉ. एस.एन. गग्गड़ ने बताया कि गढ़बोर चारभुजानाथ से बारात लेकर पधार रहे ठाकुरजी एवं बारातियों के स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली गई है। बारात का प्रथम स्वागत आयोजन समिति के वरिष्ट उपाध्यक्ष छगनलाल जैन के निर्देशन में पंचमुखी बालाजी मंदिर पर होगा। समिति के उपाध्यक्ष हनुमान अग्रवाल ने बताया कि बारात का बिलिया में भी श्रद्धालु परिवारों द्वारा स्वागत किया जाएगा। इसके बाद बारात विश्राम स्थल आजादनगर स्थित आनंदम भवन पहुचेंगी। इससे पूर्व गुरूवार सुबह 10 बजे से मेडिसिटी ग्राउण्ड पर भात मनोरथ का आयोजन होगा एवं दोपहर एक से चार बजे तक रूक्मणी मंगल कथा होगी। कथा स्थल पर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं आए इसके लिए आयोजन समिति के गोविन्द भाटिया, रमेश त्रिपाठी, परमेश्वर पाराशर सहित कई कार्यकर्ता समर्पित भाव से सेवाएं देने में जुटे हुए है।

महारास में छाया श्रद्धा एवं भक्ति का रंग

विवाह महामहोत्सव के तहत मंगलवार रात 8 बजे से महारास एवं संगीत संध्या का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान प्रेम एवं भक्ति से ओतप्रोत अनुपम नजारा दिखा। इसमें सैकड़ो श्रद्धालु उत्साह के साथ शामिल हुए ओर तुलसी महारानीजी ओर ठाकुरजी के विवाह के उल्लासभरे माहौल में जमकर नृत्य किया। महारास में पारम्परिक वेशभूषा में श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। महारास में विशेष आकर्षण कोटा से आमंत्रित राधा कृष्ण समूह द्वारा राजस्थानी वेशभूषा में सामूहिक धूमर एवं महारास का आयोजन रहा। भीलवाड़ा के कई कलाकारों ने भजनों एवं गीतों के माध्यम से ठाकुरजी की भक्ति की।

बोर्ड सृजनात्मक प्रतियोगिता में पालरा का उत्कृष्ट प्रदर्शन



स्मार्ट हलचल

रायपुर राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय रायपुर में आयोजित ब्लॉक स्तरीय बोर्ड सृजनात्मक प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पालरा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। व्याख्याता सत्यनारायण तातेला ने बताया कि पालरा विद्यालय की सुगना तेली क्विज,आशा सालवी चित्रकला, पूजा तेली निबंध और चंदा सेन एकल गायन में प्रथम स्थान पर रही वहीं रंजना जाट ने आशुभाषण में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ये पांचों ही विद्यार्थी 20 नवंबर को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। पिछले सत्र में भी इस प्रतियोगिता में पालरा विद्यालय के 4 विद्यार्थियों का जिला स्तर पर और एक विद्यार्थी का राज्य स्तर पर चयन हुआ था। प्रधानाचार्य तेज प्रकाश नाथ और प्रभारी उमा कंवर राठौड़ के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने तैयारी की और सभी विद्यार्थी जिला स्तर के लिए चयनित हुए है।

विश्व हिन्दू परिषद् एवं दुर्गा वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में हित चिंतक अभियान का शुभारम्भ



अभियान के तहत 250 को बनाया हित चिंतक

पावटा, विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा चलाये जा रहे हित चिंतक अभियान के तहत बुधवार को कस्बे स्थित पिताम्बरा महिला महाविद्यालय प्रांगण में विश्व हिन्दू परिषद् एवं दुर्गा वाहिनी संयुक्त तत्वाधान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण के साथ किया गया । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रहे विश्व हिन्दू परिषद् के क्षेत्र संगठन मंत्री आनन्द कुमार ने अभियान की जानकारी देते हुए वर्तमान समय में समाज के सामने आ रही चुनौतियों के बारे में चर्चा करते हुए उनके समाधान पर प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हमारे देश में बहुत से ऐसी ताकतें सक्रिय रूप से काम कर रही है जो छल बल के आधार पर हमारी संस्कृति के साथ खिलवाड करने के साथ - साथ हमारी बहिनों को झूठे प्रलोबन में फंसा कर लव जिहाद व धर्म परिवर्तन कर हिन्दू बहिनों के जीवन के साथ खिलवाड कर रहे हैं । हिन्दू बहिनो को जागरूक कर ऐसे विधर्मीयों से बचाकर सशक्त बनाना हम सब का कर्तव्य है । दुर्गा वाहिनी प्रान्त सह संयोजिका बाला बहिन ने संगठन का उद्देश्य और भूमिका रखी । दुर्गा वाहिनी प्रखण्ड संयोजिका शीतल पारीक, ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में 250 हित चिंतक बनाए गए हैं तथा आगामी 15 दिन में 2000 हित चिंतक बनाने का लक्ष्य है । इस अवसर पर पूर्व प्रधान पूजा चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता जगन चौधरी,कोटपूतली नगर मंत्री चंचल गुप्ता , राधेश्याम, मदन लाल सैनी , मनीष सैन, विपिन पारीक, सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन एवं महिलाशक्ति उपस्थित रही ।

प्रकृति संरक्षण का संदेश लेकर 7 जनवरी से होगा 'पैडल टू जंगल' का दसवाँ संस्करण

लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने किया पोस्टर का विमोचन

स्मार्ट हलचल



उदयपुर प्रकृति, वन्यजीव और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले 'पैडल टू जंगल' का दसवां संस्करण 7 से 10 जनवरी 2027 तक उदयपुर में आयोजित किया जाएगा। ग्रीन पीपल सोसाइटी उदयपुर, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ तथा राजस्थान वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन के पोस्टर का विमोचन बुधवार को लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने किया। इस मौके पर मेवाड़ ने कहा कि 'पैडल टू जंगल' केवल साइकिल यात्रा नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा, जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन का संदेश जन-जन तक पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। इस आयोजन के माध्यम से साइकिलिस्ट वन एवं ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने और स्थानीय समुदायों को संरक्षण के प्रयासों से जोड़ने का कार्य करेंगे। ग्रीन पीपल सोसाइटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर ने बताया कि इस वर्ष साइकिल यात्रा के मार्ग में अमरखजी पैंथर रिजर्व, बगदरा क्रोकोडाइल रिजर्व और जयसमंद वन्यजीव अभयारण्य को शामिल किया गया है। यात्रा के दौरान साइकिलिस्ट वन क्षेत्रों के आसपास स्थित ग्रामीण विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ पर्यावरण संरक्षण पर संवाद करेंगे। साथ ही ग्रामीणों के साथ बैठकें आयोजित कर वन्यजीवों के संरक्षण, जल स्रोतों की सुरक्षा, जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन के महत्व पर चर्चा की जाएगी। आयोजन की विशेषता यह रहेगी कि साइकिलिस्ट वन क्षेत्र में दो रात्रि विश्राम भी करेंगे। इस दौरान रात्रिकालीन संवाद बैठकों के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों से सीधा जुड़ाव स्थापित किया जाएगा और वन एवं वन्यजीव संरक्षण में जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा। पोस्टर विमोचन के अवसर पर ग्रीन पीपल सोसाइटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर सहित शरद श्रीवास्तव, सुहेल मजबूर, पी.एस. चुंडावत, डॉ. ललित जोशी, एस.के. वशिष्ठ, गौरव द्विवेदी एवं जे.एस. खंगारोत उपस्थित रहे।

उदपुरा में नए सरपंच ने संभाला पदभार, 46 वोटों की ऐतिहासिक जीत के बाद उदयराम गुर्जर ने किया पदभार ग्रहण...

स्मार्ट हलचल/ओम जैन



शंभूपुरा। ग्राम पंचायत उदपुरा में नवनिर्वाचित सरपंच उदयराम गुर्जर ने गुरुवार को विधिवत रूप से सरपंच पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण समारोह में पूरे गांव में उत्साह और हर्ष का माहौल देखने को मिला।

गणमान्य लोगों की मौजूदगी में किया पदभार

पदभार ग्रहण के इस अवसर पर ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच मोहन लाल, कालूराम कानपुरा, राजपाल सिंह सांकल खेड़ा, नवनिर्वाचित उपसरपंच देऊ बाई गुर्जर, सभी वार्ड पंच और बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। सभी ने नवनिर्वाचित सरपंच उदयराम गुर्जर का माला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। मौके पर उपस्थित पूर्व सरपंच मोहन लाल ने कहा कि उदयराम गुर्जर एक युवा और कर्मठ चेहरा हैं और उनके नेतृत्व में उदपुरा पंचायत विकास के नए आयाम स्थापित करेगी।

46 वोटों की ऐतिहासिक जीत

बता दें कि इस बार के पंचायत चुनाव में उदयराम गुर्जर ने अपने प्रतिद्वंदी को 46 वोटों के अंतर से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इस जीत को उदपुरा पंचायत के इतिहास में अब तक की ऐतिहासिक जीत माना जा रहा है।

विधायक चंद्रभान आक्या से लिया आशीर्वाद

जीत के बाद सरपंच उदयराम गुर्जर सीधे क्षेत्रीय विधायक चंद्रभान आक्या के कार्यलय पहुंचे और उनसे आशीर्वाद लिया। विधायक आक्या ने भी उदयराम गुर्जर का गर्मजोशी से स्वागत किया, उपरणा पहनाकर अभिनंदन किया और उन्हें जीत की बधाई दी। विधायक ने कहा कि उदयराम जैसे युवा सरपंचों से ही गांवों में विकास की नई सोच आएगी और उन्होंने हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। सरपंच उदयराम गुर्जर ने कहा कि उनकी प्राथमिकता उदपुरा पंचायत में पानी, सड़क, शिक्षा और स्वच्छता के कार्यों को पूरा करना रहेगा और वे बिना भेदभाव के सभी को साथ लेकर चलेंगे।

पुष्कर मेले में ऊंटों का अनोखा डांस, चारपाई पर चढ़कर थिरके; मालिक को मुंह में दबाकर दिखाए करतब

स्मार्ट हलचल



पुष्कर/ अजमेर / राजस्थान के अजमेर जिले के पुष्कर में चल रहे अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले में बुधवार को ऊंट नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अलग-अलग क्षेत्रों से आए ऊंट पालकों ने अपने प्रशिक्षित ऊंटों के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में ऊंटों ने एक से बढ़कर एक अनोखे नृत्य और हैरतअंगेज करतब दिखाए। ऊंटों का प्रदर्शन देखकर मैदान में मौजूद दर्शक दंग रह गए। किसी ऊंट ने चारपाई पर चढ़कर डांस किया तो किसी ने अपने मालिक को मुंह में दबाकर करतब दिखाया। प्रतियोगिता के दौरान ऊंटों ने अपने पालकों और प्रशिक्षकों के इशारों पर अलग-अलग अंदाज में प्रदर्शन किया। एक ऊंट चारपाई पर चढ़कर थिरकता नजर आया, वहीं दूसरे ने अपने मालिक को मुंह में दबाकर करतब दिखाया। एक ऊंट ने अपने मालिक के मुंह और सीने पर पैर रखकर भी प्रदर्शन किया। इन करतबों को देखकर दर्शक हैरान रह गए। कई लोग अपने मोबाइल में ऊंटों के करतब रिकॉर्ड करते नजर आए। पूरे आयोजन के दौरान दर्शकों की भीड़ जुटी रही और तालियों से मैदान गूंजता रहा। ऊंट पालकों ने बताया कि वे अपने ऊंटों को परिवार के सदस्य की तरह रखते हैं और उनकी देखभाल करते हैं। ऊंटों को बचपन से ही विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे वे अपने मालिक के इशारों और आवाज को समझने लगते हैं। पालकों के अनुसार, लंबे समय तक साथ रहने, नियमित अभ्यास और आपसी समझ के कारण ऊंट उनके निर्देशों का पालन करते हैं। यही वजह है कि प्रतियोगिता में वे बिना घबराए अलग- अलग करतब दिखाते हैं। पुष्कर मेले में आयोजित ऊंट नृत्य प्रतियोगिता मनोरंजन के साथ राजस्थान की पशुपालन संस्कृति और पारंपरिक जीवनशैली को भी दर्शाती है। इन करतबों के लिए ऊंटों को तैयार करने में पालकों को काफी समय और मेहनत करनी पड़ती है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट नृत्य और करतब दिखाने वाले ऊंट पालकों को सम्मानित किया गया। देशी-विदेशी पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए यह प्रतियोगिता मेले का प्रमुख आकर्षण रही। ऊंटों के अनोखे प्रदर्शन और पालकों के साथ उनके तालमेल ने मेले की रौनक बढ़ा दी।

जयपुर में खटीक समाज का पहला अंतरराष्ट्रीय मेडिकल प्रोफेशनल्स सम्मेलन आयोजित

स्मार्ट हलचल




जयपुर। ग्लोबल खटीक ऑफिसर्स एंड प्रोफेशनल्स ग्रुप के तत्वावधान में 15 नवंबर को मानसरोवर स्थित गुलाबगढ़ रिजॉर्ट में प्रथम अंतरराष्ट्रीय मेडिकल प्रोफेशनल्स कम्युनिटी कनेक्ट मीट-2026 का आयोजन किया गया। सम्मेलन में देश-विदेश से चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों, चिकित्सकों, विशेषज्ञों एवं समाजसेवियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में समाज के जरूरतमंद लोगों तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने, मेडिकल शिक्षा एवं करियर मार्गदर्शन, युवाओं को प्रोत्साहित करने तथा चिकित्सा पेशेवरों का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क विकसित करने पर चर्चा हुई। साथ ही समाज के विभिन्न संगठनों को एक मंच पर जोड़कर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया गया। सम्मेलन में आईएएस अजय असवाल, डॉ. प्रवीण असवाल, डॉ. सत्येंद्र बसवाल, डॉ. मुकेश असवाल सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं चिकित्सा विशेषज्ञ उपस्थित रहे। मुख्य सूत्रधार रमेश सांभरिया ने Grow Together - Pay Back to Society की भावना के साथ समाज को अपनी विशेषज्ञता और अनुभव का लाभ देने का आह्वान किया। आयोजनकर्ता मोहन लाल सांभरिया, राधेश्याम दायमा, सुमित तंवर एवं ललित सोयल सहित टीम ग्लोबल का सम्पूर्ण एवं विशेष योगदान रहा। टीम के आई टी एक्सपर्ट और मीडिया प्रभारी सुमित तंवर ने कार्यक्रम की जानकारी साझा की।

केसर मिश्रित जल से पाद प्रक्षालन करने के लिए श्रद्धालु दिखे आतुर

मुनि पुलक सागर जी का कोटड़ी में भव्य मंगल प्रवेश

स्मार्ट हलचल



कोटड़ी धर्मनगरी कोटड़ी में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त जैन दिगंबर संत परम पूज्य मनोज्ञाचार्य मुनि श्री 108 पुलक सागर जी महाराज ससंघ का भीलवाड़ा में चातुर्मास सम्पन्न करने के बाद प्रथम भव्य मंगल प्रवेश हुआ। महाराज श्री के आगमन पर पूरा नगर गुरुमय हो गया। जैन समाज सहित समस्त ग्रामवासियों ने ढोल-नगाड़ों, गाजे-बाजे और पुष्पवर्षा के साथ संत संघ की भव्य अगवानी की। नगर के विभिन्न चौराहों पर श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्वागत कर दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। मंगल प्रवेश के दौरान चुंगी नाका एवं नए बस स्टैंड तथा रास्ते में घरों के बाहर श्रद्धालुओं ने केसर मिश्रित जल से महाराज श्री का पाद प्रक्षालन कर अभिनंदन किया। वहीं पुराने बस स्टैंड पर नवनिर्वाचित सरपंच नरपतसिंह शक्तावत एवं कांग्रेस नगर अध्यक्ष सत्यनारायण आचार्य सहित ग्रामवासियों ने पुष्प बिछाकर गुरुदेव का भावपूर्ण स्वागत किया। इस दौरान सरपंच नरपतसिंह शक्तावत ने गुरुदेव के चरण पखारकर आशीर्वाद प्राप्त किया। यह दृश्य श्रद्धालुओं के लिए विशेष श्रद्धा और समर्पण का क्षण रहा।

मन्दिर में प्रवचन के दौरान जैन व जेनेत्तर रहे उपस्थित

जैन सन्त श्री पुलक सागर जी महाराज ने मंगल प्रवेश के दौरान सदर बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर में प्रभु श्री शीतलनाथ भगवान के दर्शन किए। इसके पश्चात आयोजित धर्मसभा में गुरुदेव ने अपने प्रवचनों के माध्यम से धर्म, संस्कार, अहिंसा, संयम और सदाचार का संदेश दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं को जीवन में नैतिक मूल्यों, अच्छे कर्मों और आत्मकल्याण को प्राथमिकता देने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे अपने विचारों, व्यवहार और आचरण में उतारना ही सच्ची धर्म साधना है। उन्होंने करुणा, क्षमा, सेवा और परोपकार जैसे गुणों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इसके पश्चात विद्यासागर वाटिका में महाराज श्री की आहारचर्या संपन्न हुई। कोटड़ी में जैन समाज के विभिन्न परिवारों की ओर से भी अपने घरों के बाहर महाराज श्री का पाद प्रक्षालन कर श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया। कोषाध्यक्ष गोपाल गोधा ने बताया कि महाराज श्री के मंगल प्रवेश को लेकर समाज के लोगों में विशेष उत्साह रहा तथा बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं एवं ग्रामीणों ने धर्मलाभ प्राप्त किया। इस दौरान दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष नेमीचंद पाटोदी, संजय गोधा, पारस गोधा, दिनेश सेठी, मनोज सेठी, मनोज जैन, अनिल जैन, काव्य जैन, धर्मेंद्र पाटोदी, पंकज सेठी, हीरू पाटोदी, गोपाल गोधा, जयकुमार सेठी, कैलाश सेठी, राजकुमार गोधा, राकेश अजमेरा, अंकुर सेठी, विपिन पाटोदी, निशांत गोधा, दिनेश गोधा, नवनीत गोधा, लादूलाल गोधा, आयुष गोधा सहित जैन समाज के अनेक श्रावक-श्राविकाएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

शाम को बिरधोल के लिए किया विहार

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महाराज श्री ने बुधवार शाम 4 बजे कोटड़ी से बिरधोल के लिए विहार किया। बिरधोल स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रात्रि विश्राम करने के बाद गुरुवार, 19 नवंबर को सुबह 7 बजे बिरधोल से साँकड़ा स्कूल के लिए विहार करेंगे। वहां पहुंचने के बाद आहारचर्या संपन्न होगी। इसके पश्चात शाम 4 बजे पुनः विहार कर पूर्व प्रधान करण सिंह बैलवा के फार्म हाउस पर रात्रि विश्राम रहेगा।

भवानीमंडी में बालिकाओं की सुरक्षा और शिक्षा को लेकर झालावाड़ पुलिस की बैठक

स्मार्ट हलचल



भवानी मंडी आज पुलिस अधीक्षक, झालावाड़ ने सहायक पुलिस अधीक्षक आयुष श्रोत्रिय, वृत्ताधिकारी भवानीमंडी और थानाधिकारी भवानीमंडी की उपस्थिति में क्षेत्र की दो बस्तियों के निवासियों के साथ बैठक की। इन बस्तियों में नाबालिग बालिकाओं को जबरन वेश्यावृत्ति में धकेलने के संबंध में हाल ही में प्रकरण दर्ज किया गया है। बैठक में स्पष्ट किया गया कि किसी भी बालिका को बहला-फुसलाकर, दबाव डालकर या किसी अन्य तरीके से यौन शोषण में धकेलने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभिभावकों से कहा गया कि वे अपनी बेटियों का विद्यालय में नामांकन कराएँ, उन्हें नियमित रूप से स्कूल भेजें और उनकी पढ़ाई जारी रखने में सहयोग करें।

बालिकाओं की सुरक्षा और पढ़ाई सुनिश्चित करने के लिए झालावाड़ पुलिस निम्न बिंदुओं पर कार्य करेगी। स्कूल में नियमित उपस्थिति। संबंधित विद्यालयों से समन्वय कर बालिकाओं की उपस्थिति की समीक्षा की जाएगी। किसी बालिका के लगातार अनुपस्थित रहने या पढ़ाई छोड़ने की जानकारी मिलने पर उसके कारणों का पता लगाया जाएगा। शोषण, दबाव या तस्करी का संदेह होने पर पुलिस तत्काल जाँच करेगी।

पढ़ाई से दोबारा जोड़ना। स्कूल से बाहर या बीच में पढ़ाई छोड़ चुकी बालिकाओं के नामांकन और पढ़ाई जारी रखने के लिए शिक्षा विभाग से समन्वय किया जाएगा। छात्रवृत्ति और छात्रावास जैसी उपलब्ध सुविधाओं से जोड़ने में भी सहयोग किया जाएगा।

नियमित संपर्क और सहायता। बीट पुलिस बस्तियों के निवासियों और विद्यालयों के संपर्क में रहेगी। किसी बालिका को संरक्षण, परामर्श या अन्य सहायता की आवश्यकता होने पर बाल कल्याण समिति और जिला बाल संरक्षण इकाई से समन्वय किया जाएगा।

सूचना की गोपनीयता। बालिका पर दबाव डालने, उसे बहला-फुसलाकर ले जाने या उसके शोषण की आशंका होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। बालिका की पहचान और सूचना देने वाले व्यक्ति का विवरण गोपनीय रखा जाएगा। झालावाड़ पुलिस प्रत्येक बालिका की सुरक्षा और उसकी पढ़ाई जारी रखने के लिए परिवारों, विद्यालयों और संबंधित विभागों के साथ मिलकर काम करेगी।

केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग से दहला कानपुर, करोड़ों का नुकसान बुझाने के बाद जांच शुरू

स्मार्ट हलचल



कानपुर। यहां लगी भीषण आगने पूरे जिले को दहला दिया। इस अग्निकांड में करोड़ों का नुकसान होने का अनुमान है। बुझाने के बाद इस अग्निकांड में किसी की साजिश होने की आशंका के फल स्वरुप आज से इसकी जांच भी शुरू कर दी गई है। भीषण अग्निकांड की यह घटना और महाराजपुर थाना क्षेत्र के रूमा इंडस्ट्रियल एरिया में हुई, जहां स्थित केमिकल फैक्ट्री में बीती मंगलवार रात अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने के दौरान एक के बाद एक एथेनॉल भरा टैंकर फटा तो पूरी फैक्ट्री आग का गोला बन गई और धमाके से पूरा इलाका दशहत में आ गया। आग की लपटें कई कमी. दूर तक देखी जाने लगी। एक के बाद एक जिले भर के सभी फायर स्टेशनों की 18 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने चौतरफा घेराबंदी करके पानी की बौछार मारना शुरू किया। करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया जा सका। महाराजपुर के रूमा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित केमिकल बनाने वाली फैक्ट्री निकोलस पिगमेंट लगी यह आज तब और ज्यादा भड़की जब 20 हजार लीटर इथेनॉल भरे टैंकर में भी आग लग गई। इसके बाद जाजमऊ, मीरपुर फायर स्टेशन के साथ ही फजलंज, कर्नलगंज, लाटूश रोड किदवई नगर समेज जिले की सभी फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके पर बुलाया। लपटें तेज होने के चलते फायर ब्रिगेड की टीम को आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। फैक्ट्री के चारों तरफ से घेराबंदी करके पानी की बौछार की गई और आग पर काबू पाया। करीब 3 से 4 घंटे में आग पर फायर ब्रिगेड ने काबू पाया। इन टैंकरों में विस्फोट की आंशका के चलते आसपास की फैक्ट्रियों को भी खाली करा लिया गया। फैक्ट्री से 500 मीटर दूर बस्ती के लोगों को भी एहतियातन पुलिस ने बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक फैक्ट्री में दिन का शिफ्ट होने के बाद कर्मचारियों की छुट्टी हो गई थी, इसलिए अंदर कोई कर्मचारी नहीं था। फैक्ट्री के गार्ड आग लगने के बाद बाहर निकल आए। इस वजह से अग्निकांड में एक बार फिर लोगों की जान बची, अगर फैक्ट्री के भीतर कर्मचारी होते तो शायद बहुत बड़ी घंटना होती। रूमा इंडस्ट्रियल एरिया में केमिकल फैक्ट्री की आग इतनी भयावह थी कि पब्लिक ही नहीं पुलिस और फायर ब्रिगेड के अफसर और कर्मचारियों के भी हाथ-पैर फूल गए। लेकिन इसके बाद भी फायर ब्रिगेड की टीम पीछे नहीं हटी, कानपुर के साथ ही आसपास के जिलों से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गईं। इसके बाद एसडीआरएफ और पीएसी की एक बटालियन को भी बुलाया गया। यह फैक्ट्री चमड़ा और कपड़ा उद्योग के लिए फिनिशिंग, कोटिंग बाइंडर, रेजिन और प्री-ट्रीटमेंट रसायन बनाती है। इसके मालिक रवींद्र देव त्यागी और डायरेक्टर अनुराधा त्यागी हैं। भीतषण अग्निकांड के दौरान महाराजपुर, नरवल, चकेरी सहित पूरे सर्किल का पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। फिलहाल आप पर काबू पाने के बादमामले की जांच भी शुरू कर दी गई है ,जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी।

डीजल से दूरी, हरित ऊर्जा से दोस्ती... श्री सीमेंट ने दिखाई खनन के भविष्य की राह

निम्बेटी लाइमस्टोन माइंस में 37 वें खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह का आयोजन, इलेक्ट्रिक वाहनों और ईवी चार्जिंग स्टेशन की पहल को निरीक्षण दल ने सराहा

स्मार्ट हलचल । अनिल खींची



ब्यावर । पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक तकनीक के समन्वय से खनन क्षेत्र को हरित बनाने की दिशा में श्री सीमेंट लिमिटेड की निम्बेटी लाइमस्टोन माइंस में 37वें खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह-2026 का आयोजन किया गया। भारतीय खान ब्यूरो (IBM), अजमेर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की थीम 'नवीकरणीय ऊर्जा से सतत विकास को गति' रही। आयोजन में पर्यावरण संरक्षण, खनिज संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और सुरक्षित खनन की प्रतिबद्धता दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान निरीक्षण दल के संयोजक आर.सी. व्यास तथा सदस्य राजेन्द्र साहू एवं बी. महेश्वर ने खदान का विस्तृत निरीक्षण किया। दल ने आधुनिक खनन पद्धतियों, पर्यावरण संरक्षण उपायों, खनिज संरक्षण गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण दल ने खदान में अपनाई जा रही वैज्ञानिक एवं श्रेष्ठ कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए इसे उत्तरदायी खनन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस अवसर पर सहायक उपाध्यक्ष टी.के. ढेलावत ने कहा कि श्री सीमेंट लिमिटेड सतत विकास के लक्ष्य के साथ नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षित खनन को प्राथमिकता दे रही है। खदान संचालन में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) और स्वच्छ ऊर्जा आधारित तकनीकों का उपयोग बढ़ाया जा रहा है, जिससे कार्बन उत्सर्जन कम करने और ऊर्जा दक्षता बढ़ाने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हुए उत्पादन करना भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है। निरीक्षण दल को खदान परिसर में संचालित इलेक्ट्रिक वाहनों और स्थापित ईवी चार्जिंग स्टेशन की जानकारी दी गई। हरित तकनीक की इस पहल को दल ने कार्यक्रम की थीम के अनुरूप सराहनीय एवं प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में टी.वी. श्रीनिवास, संजीव द्विवेदी, रमेश तिवारी, डूंगा राम एवं हरीश कुमार आर्य सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के तहत लघु नाटिका एवं प्रेरणादायक गीतों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत, सुरक्षित खनन और खनिज संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन शाहिल एवं श्रिया ने किया।

बीसलपुर बांध की नहरों में 25 नवंबर को छोड़ा जाएगा सिंचाई के लिए पानी-256 गांवों के किसानों को मिलेगा लाभ

स्मार्ट हलचल



टोंक। बीसलपुर बांध से रबी की फसलों की सिंचाई के लिए 25 नवंबर को नहरों में पानी छोड़ा जाएगा। बुधवार को जिला कलेक्टर टीना डाबी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बीसलपुर जल वितरण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में किसानों की मांग पर जिला कलेक्टर ने 25 नवंबर को नहरों में पानी छोड़ने के लिए अधीक्षण अभियंता मनीष बंसल को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में एडीएम विनोद कुमार मीना, बीसलपुर बांध परियोजना के अधीक्षण अभियंता मनीष बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल प्रसाद, किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट, युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर चौधरी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्य नहरों एवं वितरिका तंत्र के माध्यम से पानी निर्धारित समय पर नहरों के अंतिम छोर (टेल) तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नहरी तंत्र की साफ-सफाई एवं मरम्मत का कार्य 25 नवंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए।

कम वर्षा के कारण बांध में कम हुई पानी की आवक

बीसलपुर बांध के अधीक्षण अभियंता मनीष बंसल ने बताया कि इस मानसून वर्ष में बांध के जलग्रहण क्षेत्र में कम वर्षा होने के कारण जल आवक केवल 9.377 टीएमसी रही। पिछले वर्ष के शेष जल एवं इस वर्ष की आवक को मिलाकर 18 नवंबर 2026 तक बांध का संभावित गेज 313.38 मीटर एवं जलभराव 24.245 टीएमसी रहने का अनुमान है, जो बांध की पूर्ण भराव क्षमता का लगभग 62.80 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के लिए पेयजल हेतु आरक्षित जल की आवश्यकता और अगस्त 2027 तक की संभावित निकासी को ध्यान में रखते हुए बांध में 2.314 टीएमसी अधिशेष जल रहने की संभावना है।

81,800 हेक्टेयर भूमि की होगी सिंचाई

टोंक जिले के टोडारायसिंह, देवली, उनियारा एवं टोंक ब्लॉक के 256 गांवों की कुल 81,800 हेक्टेयर कृषि भूमि में रबी की फसलों की सिंचाई के लिए संभावित उपलब्ध जल में से 2 टीएमसी पानी दिया जाना प्रस्तावित है। नहरों में 25 नवंबर से पानी छोड़े जाने के निर्णय से क्षेत्र के किसानों को रबी की फसलों की सिंचाई के लिए बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। अब किसानों की नजरें नहरी तंत्र की तैयारियों और अंतिम छोर तक समय पर पानी पहुंचने पर रहेंगी।

पुष्कर मेले में 'देवनूर' की शाही एंट्री: नोटों की बारिश के बीच बाउंसरों का पहरा, नाश्ते में खाता है काजू-बादाम

स्मार्ट हलचल



पुष्कर/ अजमेर/ अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले में देशभर से पहुंचे शानदार नस्ल के घोड़े और ऊंट लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इसी बीच परबतसर के कुरैशी घोड़ी फार्म का बेशकीमती मारवाड़ी नस्ल का स्टैलियन घोड़ा 'देवनूर' इन दिनों मेले में चर्चा का विषय बना हुआ है। अपनी शानदार कद-काठी, आकर्षक व्यक्तित्व और शाही ठाठ-बाट के लिए पहचाने जाने वाले इस घोड़े की पुष्कर मेले में गुरुवार को बेहद खास अंदाज में एंट्री हुई। फूलों और नोटों की बारिश के साथ ढोल-धमाकों के बीच जब देवनूर मेला मैदान में पहुंचा तो उसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। घोड़े की सुरक्षा और शाही अंदाज का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसकी एंट्री के दौरान 10 से अधिक बाउंसर भी तैनात रहे। घोड़ा पालक पप्पन ने बताया कि देवनूर की सबसे बड़ी खासियत उसकी लंबाई और बेदाग शरीर है। इसकी ऊंचाई 68 इंच से अधिक है, जबकि उम्र महज 31 माह और दो दांत हैं। इसके पूरे शरीर पर एक भी दाग नहीं है। शानदार बनावट और आकर्षक चाल के चलते यह घोड़ा पशुपालकों के साथ ही मेले में आने वाले पर्यटकों के बीच भी चर्चा का विषय बना हुआ है। देवनूर अब तक कई प्रतियोगिताओं में विजेता रह चुका है। यही वजह है कि इसकी खासियत जानने के लिए पशुपालक और घोड़े के शौकीन लगातार इसके फार्म के सदस्यों से जानकारी ले रहे हैं

नाश्ते में काजू-बादाम, पीने के लिए बिसलेरी का पानी

पप्पन व फार्म के सदस्य बबलू ने बताया कि देवनूर के रहन-सहन और खानपान का अंदाज भी किसी शाही मेहमान से कम नहीं है। इसकी विशेष देखभाल की जाती है। नाश्ते में इसे काजू और बादाम दिए जाते हैं, जबकि पीने के लिए बिसलेरी का पानी इस्तेमाल किया जाता है। इसकी खुराक से लेकर रखरखाव तक हर छोटी-बड़ी बात का विशेष ध्यान रखा जाता है। फार्म के सदस्य बबलू के अनुसार देवनूर उनके फार्म हाउस का सबसे अनमोल घोड़ा है। इसे उन्होंने पंजाब से लेकर पाला-पोसा है और इसकी देखभाल में कोई कमी नहीं रखी जाती।

नाश्ते में काजू-बादाम, पीने के लिए बिसलेरी का पानी

पप्पन व फार्म के सदस्य बबलू ने बताया कि देवनूर के रहन-सहन और खानपान का अंदाज भी किसी शाही मेहमान से कम नहीं है। इसकी विशेष देखभाल की जाती है। नाश्ते में इसे काजू और बादाम दिए जाते हैं, जबकि पीने के लिए बिसलेरी का पानी इस्तेमाल किया जाता है। इसकी खुराक से लेकर रखरखाव तक हर छोटी-बड़ी बात का विशेष ध्यान रखा जाता है। फार्म के सदस्य बबलू के अनुसार देवनूर उनके फार्म हाउस का सबसे अनमोल घोड़ा है। इसे उन्होंने पंजाब से लेकर पाला-पोसा है और इसकी देखभाल में कोई कमी नहीं रखी जाती।

उनियारा नगरपालिका अध्यक्ष ने जिला कलेक्टर को लिखे तीन पत्र,

सरकारी भवनों के हस्तांतरण और हाईमास्क लाईट, सड़क सुरक्षा की समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

स्मार्ट हलचल



टोंक। नगरपालिका उनियारा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और जनहित के मुद्दों को लेकर नगरपालिका अध्यक्ष नरेश कुमार गुर्जर ने जिला कलेक्टर टोंक टीना डाबी को तीन अलग-अलग पत्र लिखकर उनसे मुलाकात कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। पत्रों में नगरपालिका कार्यालय के लिए भवन उपलब्ध करवाने, पुराने अस्पताल भवन को जनउपयोगी कार्यों के लिए सौंपने तथा हाईवे पर बंद पड़ी लाइटों और सुरक्षा संकेतकों की व्यवस्था दुरुस्त करवाने की मांग की गई है।

नए नगरपालिका भवन के निर्माण तक सरकारी विद्यालय भवन देने की मांग

नगरपालिका अध्यक्ष नरेश कुमार गुर्जर ने पत्र में बताया कि वर्तमान नगरपालिका उनियारा कार्यालय का भवन काफी पुराना और जर्जर अवस्था में है। ऐसी स्थिति में कार्यालय का संचालन सुरक्षित एवं सुचारू रूप से करना मुश्किल हो रहा है। नगरपालिका कार्यालय के समीप स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय, ककोड़ गेट उनियारा का भवन वर्तमान में खाली पड़ा है। विद्यालय के अन्य राजकीय विद्यालय में विलय होने के बाद इसका शैक्षणिक उपयोग नहीं हो रहा है। नगरपालिका के नवीन भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन निर्माण प्रक्रिया पूरी होने में समय लगेगा। ऐसे में नवीन भवन बनने तक खाली पड़े विद्यालय भवन को नगरपालिका को हस्तांतरित करने की मांग की गई है।

पुराने अस्पताल भवन को जनहित में उपयोग करने की मांग

दूसरे पत्र में पुराने अस्पताल भवन को नगरपालिका मंडल को सौंपने की मांग की गई है। पत्र के अनुसार लंबे समय से बंद पड़े इस भवन की देखरेख नहीं होने के कारण इसकी स्थिति जर्जर होती जा रही है। भवन से बिजली, बोर्ड, केबल और गेट सहित सामान चोरी होने की बात भी सामने आई है। साथ ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहने की समस्या बताई गई है। पत्र में बताया गया कि पालिका मंडल की बैठक में 21 फरवरी 2024 को पुराने अस्पताल भवन में बालक-बालिकाओं के लिए अलग-अलग लाइब्रेरी संचालन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया था। इसके लिए 30 लाख रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति भी जारी की गई थी। वहीं वरिष्ठ नागरिकों और पेंशनरों के लिए विश्राम गृह खोलने की मांग भी लंबे समय से की जा रही है। ऐसे में पुराने अस्पताल भवन को नगरपालिका मंडल को हस्तांतरित करने का आग्रह किया गया है।

एनएच-116 पर बंद हाईमास्क लाइटें और सड़क सुरक्षा का मुद्दा उठाया

तीसरे पत्र में टोंक सवाई-माधोपुर एनएच-116 पर उनियारा शहर में प्रवेश करने वाली पुलिया के दोनों ओर लगी हाईमास्ट लाइटों एवं सड़क किनारे की बंद पड़ी रोड लाइटों को दुरुस्त करवाने की मांग की गई है। पत्र में बताया गया कि लंबे समय से लाइटें बंद होने के कारण दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। इसके अलावा टोंक से उनियारा आने वाले मार्ग तथा उनियारा से गुलाबपुरा हाईवे की ओर जाने वाले रास्ते के डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर और साइन बोर्ड नहीं होने से दुर्घटनाओं की आशंका जताई गई है। पूर्व में भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और इनकी खबरें समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई हैं। नगरपालिका अध्यक्ष ने जिला कलेक्टर से संबंधित विभागों को निर्देशित कर इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाने की मांग की है। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इन जनहित से जुड़े मुद्दों पर कब तक कार्रवाई करता है और उनियारा शहरवासियों को इन समस्याओं से कब राहत मिलती है।

1963 से बना रिकॉर्ड टूटा, घटियावली पंचायत में इतिहास में पहली बार उपसरपंच बने सरपंच, ज्ञानेश्वर पुरी गोस्वामी ने रचा नया इतिहास

स्मार्ट हलचल/ओम जैन



शंभूपुरा। ग्राम पंचायत घटियावली में 63 साल पुराना रिकॉर्ड आखिरकार 2026 में टूट गया। 1963 में पंचायत के गठन के बाद से लेकर आज तक कभी भी ऐसा नहीं हुआ था कि उपसरपंच रहा व्यक्ति सरपंच के पद तक पहुंचा हो, लेकिन इस बार के पंचायत चुनाव में ज्ञानेश्वर पुरी गोस्वामी ने यह असंभव सा लगने वाला रिकॉर्ड तोड़कर नया इतिहास रच दिया।

1963 से चला आ रहा था यह अनोखा रिकॉर्ड

जानकारी के अनुसार 1963 में घटियावली ग्राम पंचायत अस्तित्व में आई थी। तब से लेकर सभी पंचायत चुनावों में कई चेहरे सरपंच बने, कई उपसरपंच बने, लेकिन एक परंपरा सी बन गई थी कि जो एक बार उपसरपंच बन गया, वह दोबारा सरपंच नहीं बन पाता था। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि कई कद्दावर उपसरपंचों ने सरपंच बनने के लिए किस्मत आजमाई, लेकिन हर बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

पिछले कार्यकाल में थे उपसरपंच, अब बने सरपंच

ज्ञानेश्वर पुरी गोस्वामी पिछले कार्यकाल में ग्राम पंचायत घटियावली के उपसरपंच के पद पर थे। उपसरपंच रहते हुए उन्होंने गांव में सक्रियता से काम किया, हर सुख-दुख में लोगों के साथ खड़े रहे और विकास कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, उसी मेहनत और जनसेवा का नतीजा है कि इस बार जनता ने उन्हें सीधे सरपंच के पद पर बिठाकर 63 साल पुरानी मान्यता को तोड़ दिया।

उपसरपंच रहते हर छोटे बड़े काम को दी प्राथमिकता

कहीं पंचायतें ऐसी होती है जहां सरपंच भी सक्रिय नहीं होते वहीं अधिकांश पंचायत में तो लोग अपनी ही पंचायत के उपसरपंच का नाम तक नहीं जानते लेकिन शायद यह कहना गलत नही होगा कि राजस्थान में पहली ऐसी ग्राम पंचायत घटियावली होगी जहां सरपंच से कहीं अधिक तो उपसरपंच ज्ञानेश्वर पुरी गोस्वामी सक्रिय रहे और उन्होंने अपने गांव व गांव के लोगों के हर छोटे-बड़े कार्य को एसपी कलेक्टर ही नहीं बल्कि कहीं बार प्रदेश मुख्यालय जयपुर पहुंचकर मंत्रियों, विभागीय अधिकारियों तक पहुंचाएं और उन कार्यों का, समस्याओं का समाधान करवाया। शायद इसी के बदौलत ज्ञानेश्वर पुरी ने ग्राम वासियों के दिल में वह जगह बना ली की ग्राम वासियों ने सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए उन्हें उपसरपंच से सरपंच की कुर्सी तक पहुंचा दिया।

गांव में जश्न का माहौल

ज्ञानेश्वर पुरी गोस्वामी के सरपंच बनते ही पूरे घटियावली गांव में जश्न का माहौल है। ग्रामीण इसे 'रिकॉर्ड ब्रेक जीत' बता रहे हैं। युवाओं का कहना है कि सरपँच गोस्वामी ने यह साबित कर दिया है कि अगर नीयत साफ हो और काम किया हो तो कोई भी रिकॉर्ड टूट सकता है। अपनी जीत के बाद ज्ञानेश्वर पुरी गोस्वामी ने कहा 'यह जीत मेरी नहीं, घटियावली की देवतुल्य जनता की जीत है। उपसरपंच के तौर पर जो प्यार आपने दिया था, उसी का नतीजा है कि आज आपने मुझे सरपंच बनाया है। मैं इस ऐतिहासिक जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा। ' ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में घटियावली पंचायत विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगी।

लघु उद्योग भारती एवं जिला उद्योग केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में जिला रोजगार जागरूकता शिविर आयोजित

स्मार्ट हलचल

भवानीमंडी। लघु उद्योग भारती, इकाई भवानीमंडी एवं जिला उद्योग केंद्र, झालावाड़ के संयुक्त तत्वावधान में होटल नक्षत्र, भवानीमंडी में जिला रोजगार जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला उद्योग केंद्र के जिला महाप्रबंधक श्री शंभू सिंह रावत ने उपस्थित उद्यमियों एवं व्यापारियों को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं, ऋण सुविधाओं, सब्सिडी तथा स्वरोजगार से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से युवा एवं नए उद्यमी अपना स्वयं का व्यवसाय एवं उद्योग स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। साथ ही उपस्थित सदस्यों की योजनाओं एवं ऋण प्रक्रिया से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती की प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सदस्य प्रीतपाल सिंह , प्रांतीय संयुक्तसचिव गोविंद बिरला, इकाई अध्यक्ष सी ए प्रकाश गुप्ता, प्रदीप शर्मा, मोहन भराड़ीया , गोविंद भराड़िया, परमजीत सिंह, राधेश्याम गुप्ता, अजय गुप्ता, अमित राठी, यश नाहर, मनोज अग्रवाल सहित अनेक उद्यमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अरुण गर्ग ने किया।

पांच साल से बिना वैध कनेक्शन के चल रहा था मोबाइल टावर, विजिलेंस ने काटी बिजली की लाइन

वार्ड नंबर छह प्रताप नगर में जिओ टावर पर छापेमारी से मचा हड़कंप, कनपुरवा पावर हाउस क्षेत्र के अन्य टावरों पर कार्रवाई कब...

स्मार्ट हलचल

खखरेरू/फतेहपुर नगर पंचायत खखरेरू के वार्ड नंबर छह प्रताप नगर में संचालित जिओ मोबाइल टावर पर बुधवार को विजिलेंस टीम ने छापेमारी की। जांच के दौरान टावर का विद्युत कनेक्शन वैध नहीं पाया गया। टीम ने मौके पर ही टावर की बिजली आपूर्ति काट दी। बताया जा रहा है कि यह टावर पिछले करीब पांच वर्षों से बिना वैध विद्युत कनेक्शन के संचालित हो रहा था। विजिलेंस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध रूप से



बिजली का उपयोग कर रहे अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों में भी खलबली मच गई है। जानकारी के अनुसार, खखरेरू विद्युत उपकेंद्र कनपुरवा के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर छह प्रताप नगर स्थित जिओ मोबाइल टावर को लेकर विजिलेंस टीम को गुप्त सूचना मिली थी। इसी आधार पर बुधवार दोपहर करीब दो बजे टीम ने अचानक टावर परिसर में छापेमारी की। जांच के दौरान टावर संचालक की ओर से वैध विद्युत कनेक्शन और संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसके बाद टीम ने मौके पर ही बिजली की लाइन काटकर कार्रवाई की। हैरानी की बात यह है कि क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क जैसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक सेवा से जुड़ा टावर कथित तौर पर करीब पांच वर्षों से बिना वैध विद्युत कनेक्शन के संचालित होता रहा, लेकिन स्थानीय स्तर पर इसकी भनक संबंधित विभागीय अधिकारियों को क्यों नहीं लगी? यदि टावर इतने लंबे समय से संचालित था तो नियमित निरीक्षण और विद्युत चोरी रोकने की जिम्मेदारी निभाने वाले अधिकारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में आनी चाहिए। विजिलेंस टीम की कार्रवाई के बाद क्षेत्रीय लोगों ने कनपुरवा पावर हाउस के अंतर्गत संचालित अन्य मोबाइल टावरों की भी जांच कराने की मांग उठाई है। स्थानीय लोगों का दावा है कि क्षेत्र में अभी भी चार से पांच अन्य मोबाइल टावर संचालित हैं, जिनके विद्युत कनेक्शन और आवश्यक दस्तावेजों की जांच होनी चाहिए। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या विभाग इन सभी टावरों की निष्पक्ष जांच कराएगा या कार्रवाई केवल एक टावर तक ही सीमित रह जाएगी? स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि एक टावर में अनियमितता मिलने पर बिजली काटने की कार्रवाई की जा सकती है तो अन्य टावरों की भी जांच होनी चाहिए, ताकि बिजली चोरी और अवैध विद्युत उपयोग पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। अब देखना यह है कि विजिलेंस और बिजली विभाग कनपुरवा पावर हाउस क्षेत्र के अन्य मोबाइल टावरों की भी जांच कर कार्रवाई करते हैं या फिर यह अभियान एक टावर की कार्रवाई तक सिमटकर रह जाता है। पूरी कार्रवाई के दौरान विजिलेंस टीम के साथ एसडीओ, अवर अभियंता (जेई) और लाइनमैन सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

27 नवंबर को लगेगा नि:शुल्क नेत्र जांच एवं उपचार शिविर

स्मार्ट हलचल

चौमहला श्री सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट चौमहला की ओर से 27 नवंबर शुक्रवार को श्री सत्यनारायण मंदिर परिसर में नि:शुल्क नेत्र जांच एवं उपचार शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। सत्यनारायण मन्दिर ट्रस्ट के जगदीश सारडा ने बताया कि शिविर में सुधीर गुप्ता आई हॉस्पिटल, कोटा के नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की आंखों की जांच की जाएगी। जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर में जांच के दौरान मोतियाबिंद के मरीजों का चयन भी किया जाएगा। चयनित मरीजों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन सुधीर गुप्ता आई हॉस्पिटल, कोटा में नि:शुल्क किए जाएंगे। मरीजों को ऑपरेशन के लिए चौमहला से कोटा ले जाने और ऑपरेशन के बाद वापस लाने की व्यवस्था भी नि:शुल्क रहेगी। श्री सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे इस सेवा शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा अपने परिवार एवं परिचितों में जिन लोगों को नेत्र संबंधी परेशानी है, उन्हें भी शिविर की जानकारी देकर जांच के लिए लेकर आएं। ट्रस्ट ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की आंखों की जांच, उपचार और मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराना सेवा का महत्वपूर्ण कार्य है।

बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 27-28 को हरियाणा के सूरजकुंड में

नई दिल्ली , एजेंसी। बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 27 और 28 नवंबर को हरियाणा के सूरजकुंड में होगी इसमें पार्टी के नेता जुटेंगे। दो दिन तक चलने वाली इस बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हिस्सा लेंगे। पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक संगठन से जुड़े अहम मामलों पर विचार-विमर्श का एक प्रमुख मंच होती है। इससे पहले बीजेपी ने यूपी में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मथुरा में दो दिवसीय योजना बैठक की थी। यह बैठक 16 और 17 नवंबर को परखम गांव में हुई थी। इसमें सीएम योगी, दोनो डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक समेत पार्टी के 54 वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया था। बैठक के दूसरे दिन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन भी शामिल हुए थे। रिपोर्ट के मुताबिक मथुरा की बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा हुई थी। युवाओं तक पार्टी की पहुंच बढ़ाने, अब तक बीजेपी से दूर रहे सामाजिक वर्गों को जोड़ने का मुद्दा भी उठा था। इसके साथ ही सरकार की उपलब्धियों को आम लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया था। अब बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की अगली बैठक हरियाणा के सूरजकुंड में 27-28 होने जा रही है।

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे पर वाहनों की गति सीमा घटी

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश में कोहरे के कारण होने वाले सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए राज्य के पांच प्रमुख एक्सप्रेसवे पर वाहनों की अधिकतम गति सीमा कम की है। उत्तर प्रदेश सड़क सुरक्षा विभाग ने कम दृश्यता को देखकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिसका मुख्य उद्देश्य कोहरे की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना है। विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यह शीतकालीन गति सीमा 15 नवंबर, 2026 से लेकर 15 फरवरी, 2027 तक प्रभावी रहेगी। इस अवधि के दौरान, सुबह 08:00 बजे से रात 08:00 बजे तक नई नियम लागू रहने वाले है। इसके तहत, कारों के लिए अधिकतम गति 80 किलोमीटर प्रति घंटा तय की गई है, जबकि यात्री बसों के लिए 60 किलोमीटर प्रति घंटा और मालवाहक ट्रकों के लिए 50 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित किया गया है। जिन पांच एक्सप्रेसवे पर नियम लागू, उसमें आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे और गंगा एक्सप्रेसवे शामिल हैं। यह कदम कोहरे के कारण होने वाले गंभीर हादसों को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है, जिनमें अक्सर कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। गति सीमा कम होने से चालकों को आपात स्थिति में वाहनों को नियंत्रित करने और दुर्घटनाओं के प्रभाव को कम करने में सहायता मिलेगी। उत्तर प्रदेश यातायात निदेशालय ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे ठंड और कोहरे के मौसम में सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित गति सीमा का कड़ाई से पालन करें।

अयोध्या और नेपाल के जनकपुर के बीच नई ट्रेन सेवा का होगा शुभारंभ

● पीएम मोदी और बालेन शाह दिखाएंगे हरी झंडी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रेलवे ने उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी अयोध्या को बिहार के सीतामढ़ी से होकर नेपाल के जनकपुर धाम से जोड़ने वाली नई साप्ताहिक ट्रेन सेवा को मंजूरी दे दी है। इस महत्वपूर्ण ट्रेन का शुभारंभ 23 नवंबर को होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह संयुक्त रूप से ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। माना जा रहा है कि यह सेवा नेपाल के प्रधानमंत्री शाह



की भारत यात्रा के दौरान शुरू होगी, जो मार्च में पदभार संभालने के बाद उनकी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा होगी।

यह ट्रेन अयोध्या कैंट और जनकपुर धाम के बीच करीब 604 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या को माता सीता से जुड़े स्थल जनकपुर और सीतामढ़ी से जोड़ने वाले मार्ग से तीर्थयात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। अपने सफर के दौरान यह ट्रेन कुल 10 प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी, जिसमें उत्तर प्रदेश के अयोध्या धाम, मनकापुर, बस्ती और गोरखपुर तथा बिहार के नरकटियागंज, रक्सौल, सीतामढ़ी, शिशो, मधुबनी और जयनगर शामिल हैं। इसके बाद यह ट्रेन जयनगर के रास्ते नेपाल में प्रवेश कर जनकपुर धाम पहुंचेगी। रेलवे के तय कार्यक्रम के अनुसार, यह ट्रेन हर सोमवार को अयोध्या कैंट से रवाना होगी और वापसी में हर शनिवार को जनकपुर धाम से चलेगी। भारतीय रेलवे का मानना है कि इस सीमा पार ट्रेन सेवा के शुरू होने से तीर्थयात्रियों, पर्यटकों के साथ-साथ पढ़ाई, व्यापार और काम के सिलसिले में आने-जाने वाले लोगों के लिए यात्रा बेहद सुगम हो जाएगी। इस रूट पर स्थित दोनों देशों के प्रमुख शहरों में पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों को भी नया बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

महाराष्ट्र कैबिनेट के महत्वपूर्ण फैसले: शिक्षा, सुरक्षा और न्याय पर व्यापक प्रभाव

मुंबई , एजेंसी । मुंबई में महाराष्ट्र मंत्रिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें राज्य के गृह, उच्च व तकनीकी शिक्षा, वस्त्र उद्योग और विधि व न्याय विभागों से संबंधित कई बड़े निर्णय लिए गए।

इन फैसलों में, सुरक्षा बलों से नक्सलियों द्वारा लूटे गए हथियारों की जानकारी देने वालों के लिए नकद इनाम योजना शुरू करने का अहम फैसला शामिल है। इस पहल का उद्देश्य ऐसी गुप्त सूचनाओं को प्रोत्साहित करना है, जिससे राज्य में आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर सके।

इसके अलावा, राज्य में उच्च और तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए महाराष्ट्र पब्लिक यूनिवर्सिटीज एक्ट, 2016 में संशोधन को मंजूरी दी गई। यह बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षा क्षेत्र में हो रहे परिवर्तनों को ध्यान में रखकर किए जाएंगे, जिससे महाराष्ट्र में शिक्षा के स्तर को नई दिशा मिल सकेगी।

वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, कैबिनेट ने राज्य की इंटीग्रेटेड और सस्टेनेबल टेक्सटाइल इंडस्ट्री पॉलिसी में भी संशोधन को स्वीकृति दी। इस निर्णय के तहत, पालघर जिले को अब जोन-1 में शामिल किया जाएगा, जबकि जोन-4 को रद्द कर विस्तार के नियमों में भी बदलाव किए जाएंगे। इन संशोधनों से पालघर में वस्त्र संबंधी व्यापार और निवेश को गति मिलने की उम्मीद है।

न्यायिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, कैबिनेट ने पालघर जिले में प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस कोर्ट के साथ-साथ चीफ मजिस्ट्रेट कोर्ट स्थापित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। इसके अतिरिक्त, पालघर में सरकारी वकीलों के कार्यालय और उनसे संबंधित सहायक पदों के सृजन को भी हरी झंडी दिखाई गई है। इन फैसलों से पालघर जिले में न्यायिक प्रशासन मजबूत होगा और आम लोगों को स्थानीय स्तर पर त्वरित न्याय मिल सकेगा।

पंजाब चुनाव: शिअद से गठबंधन पर केंद्रीय नेतृत्व करेगा फैसला : पाटिल

नई दिल्ली, एजेंसी । केंद्रीय जल शक्ति मंत्री और भाजपा के पंजाब चुनाव प्रभारी सी आर पाटिल ने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय जनता पार्टी 2027 में पंजाब विधानसभा चुनाव जीतेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के साथ संभावित गठबंधन का निर्णय पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व करेगा, न कि वे स्वयं। केंद्रीय मंत्री पाटिल का यह बयान तब आया है जब 2027 के चुनावों के लिए भाजपा और शिअद के फिर से साथ आने की अटकलें तेज हैं। दोनों दलों का 24 साल पुराना गठबंधन सितंबर 2020 में तीन कृषि कानूनों के विरोध में टूट गया था, हालांकि अब वे कानून निरस्त हो चुके हैं।



अपने पंजाब दौरे के दौरान, केंद्रीय मंत्री पाटिल ने चंडीगढ़ स्थित भाजपा कार्यालय का दौरा किया, जहां उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों, सांसद सतनाम सिंह संधू सहित कई अन्य प्रमुख नेता मौजूद थे। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की पश्चिम बंगाल और बिहार जैसे राज्यों में चुनावी सफलताओं का हवाला देकर दावा किया कि पार्टी पंजाब में भी जीत हासिल करेगी।

गठबंधन की संभावनाओं पर केंद्रीय मंत्री पाटिल ने कहा, यह फैसला पार्टी नेताओं को करना है। हमारे नेता इस बारे में निर्णय लेने वाले है। उन्होंने कहा कि वह सिर्फ एक कार्यकर्ता हैं और गठबंधन को लेकर शिअद के साथ किसी भी बैठक की जानकारी उन्हें नहीं है। उन्होंने शिअद अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के साथ किसी भी बातचीत से इंकार कर कहा कि अगर कोई बातचीत होनी है, तब वह पार्टी के वरिष्ठ नेता करने वाले हैं, इसमें उनकी कोई दखल नहीं है।

राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चिंता जताकर केंद्रीय मंत्री पाटिल ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर निशाना साधकर कहा कि पंजाब के लोग मौजूदा हालात से वाकिफ हैं और इस सरकार से छुटकारा पाना चाहते हैं। करतारपुर गलियारे को फिर से खोलने के मुद्दे पर उन्होंने प्रधानमंत्री के पूर्व प्रयासों की सराहना की और विश्वास जताया कि भविष्य में भी सभी की भावनाओं का सम्मान किया जाएगा।

होर्मुज में पनामा के झंडे वाले एलपीजी टैंकर पर हमला, 24 भारतीयों को सुरक्षित निकाला

दो घायल, एक लापता, भारत ने जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों को बताया चिंताजनक

नई दिल्ली , एजेंसी। अमेरिका-ईरान के बढ़ते तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में एक और व्यावसायिक जहाज को निशाना बनाया गया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है कि इस सप्ताह की शुरुआत में पनामा के झंडे वाले एलपीजी टैंकर एमटी तारा गैस पर हुए हमले के बाद चालक दल में शामिल एक भारतीय नागरिक लापता हो गया है, जबकि दो अन्य भारतीय गंभीर रूप से घायल हो गए। राहत की बात यह है कि टैंकर पर सवार सभी 24 भारतीयों में से 21 को सुरक्षित रेस्क्यू कर निकाला।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने होर्मुज में पनामा के झंडे वाले एलपीजी टैंकर पर हुए हमले की निंदा की है। साथ ही, भारत ने एक बार फिर मांग दोहराई है कि व्यावसायिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना बंद किया जाए। मंत्रालय ने बताया कि जहाज पर सवार 24 भारतीयों में से 21 को सुरक्षित खसाब पहुंचा दिया गया है। घायल हुए दो भारतीय चालक दल के सदस्यों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि एक भारतीय नागरिक अभी भी लापता बताया जा रहा है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि ओमान में स्थित भारतीय दूतावास, ओमान के अधिकारियों के साथ मिलकर चल रहे खोज और बचाव अभियान पर नजर रख रहा है। भारत ने कहा कि हम बचाव कार्यों में ओमान सरकार द्वारा दी गई त्वरित मदद और सहयोग की सराहना करते हैं। नई दिल्ली ने कहा कि इस क्षेत्र में जहाजों पर लगातार हो रहे हमले बेहद चिंताजनक हैं और ये नागरिक नाविकों की सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा पैदा करते हैं। बयान में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुरूप, अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों पर जहाजों की आवाजाही और व्यापार को बिना किसी रुकावट के जल्द से जल्द बहाल किया जाना चाहिए।

एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि 10 नवंबर को लाइबेरिया के झंडे वाला फुजैराह एनर्जी जिस पर 6 भारतीय नाविक सवार थे - अल रुवाइस से दुबई जाते समय फारस की खाड़ी में प्रोजेक्टाइल की चपेट में आ गया था। इस हमले में चालक दल के चार सदस्य घायल हो गए थे, जिनमें एक भारतीय नागरिक भी



शामिल है। उसे मामूली चोटें आई हैं और आगे की चिकित्सीय जांच के लिए सुरक्षित रूप से किनारे पर ले आया गया है। चालक दल के बाकी 18 सदस्य, जिनमें अन्य 5 भारतीय नाविक भी शामिल हैं, सुरक्षित हैं और सभी का पता चल गया है।

पंजाब में भाजपा की समरसता संकल्प यात्रा का आगाज़, आप पर निशाना

जालंधर , एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पंजाब के जालंधर में समरसता संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाई। भाजपा नेताओं ने दौरे का मकसद सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (आप) के कुशासन से राज्य को बचाना और पंजाब को फिर से सही रास्ते पर लाना बताया। जालंधर जिले के आदमपुर स्थित गुरु रविदास जी महाराज हवाई अड्डे पर पहुंचने पर उनका स्वागत पंजाब भाजपा प्रमुख केवल सिंह ढिल्लों और पार्टी प्रवक्ता जयवीर शेरगिल ने किया।

बीजेपी प्रवक्ता शेरगिल ने बताया कि यह यात्रा गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के सम्मान में आयोजित की गई है। उन्होंने कहा, नितिन नवीन पंजाब की पवित्र भूमि से प्रार्थना करने वाले हैं कि राज्य को आप के कुशासन से बचाया जा सके, जिस सरकार ने राज्य को नशीले पदार्थों, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और बिगड़ती कानून-व्यवस्था के अंधेरे में धकेल दिया है। वे गुरु रविदास महाराज जी से पंजाब का पुराना गौरव वापस लौटने और राज्य को पूरे भारत में फिर से नंबर एक बनाने की भी प्रार्थना



करने वाले है।

वरिष्ठ भाजपा नेता विजय सांपला ने बताया पंजाब से शुरू हुई यह यात्रा चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा सहित कुल सात राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से होकर 3 दिसंबर को वाराणसी में समाप्त होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समापन कार्यक्रम में उपस्थित रहने वाले है। बीजेपा नेता अश्वनी सेखरी ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य गुरु रविदास जी से जुड़ी घटनाओं को मनाना और उनके दिए गए आदर्शों व शिक्षाओं का सम्मान करना है। भाजपा के अनुसार, समरसता संकल्प यात्रा 3 दिसंबर तक पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में संत रविदास जी के संदेश का प्रसार करेगी। यह आयोजन तब हो रहा है जब भाजपा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती को साल भर चलने वाले एक राष्ट्रीय उत्सव के रूप में मना रही है।

दिल्ली में एक्यूआई का स्तर सुधरा, लोगों ने ली राहत की सांस, 11.6 डिग्री रहा पारा

नई दिल्ली, एजेंसी । दिल्ली में मंगलवार को नवंबर की अब तक की सबसे साफ हवा दर्ज की गई और एक्यूआई 204 रहा। इस बीच शहर में इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी सुबह रही और सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री रहा। इस महीने 'खराब' श्रेणी में 204 के एक्यूआई के साथ दिल्ली की हवा सबसे बेहतर रही। इससे कई दिनों से बिगड़ती वायु गुणवत्ता के बाद लोगों को कुछ राहत मिली है। बता दें इससे पहले दिल्ली में 31 अक्टूबर को एक्यूआई 117 दर्ज किया गया था, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। आंकड़े दर्ज करने वाले 58 वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों में से 31 'खराब' श्रेणी में रहे, 26 में वायु गुणवत्ता 'मध्यम' दर्ज की गई, जबकि एक केंद्र, सिरीफोर्ट में 303 एक्यूआई के साथ वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में रही। दिल्ली में नवंबर के ज्यादातर समय धुंध छाई रही और प्रदूषण का स्तर बढ़ा रहा।

बर्ड फ्लू से मुर्गियों को छह माह की सुरक्षा: भोपाल में देश का पहला स्वदेशी टीका तैयार

भोपाल, एजेंसी । भोपाल के वैज्ञानिकों ने देश का पहला स्वदेशी बर्ड फ्लू (एच5एन1) टीका विकसित कर पोल्ट्री उद्योग को बड़ी राहत दी है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान (आईसीएआर-एनआईएचएसएडी) द्वारा तैयार किया यह टीका 20 नवंबर को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भोपाल में लांच किया जाएगा। इस निष्क्रिय टीके की एक खुराक मुर्गियों को छह महीने तक बर्ड फ्लू के खतरनाक वायरस से सुरक्षित रखेगी।

यह टीका विशेष रूप से एच5एन1 वायरस के क्लेड 2.3.2.1ए के खिलाफ प्रभावी है, जो भारत में मुर्गियों को संक्रमित करने वाला प्रमुख स्ट्रेन है। अब तक, इस विशिष्ट स्ट्रेन के खिलाफ कारोबारी उपयोग के लिए कोई स्वदेशी टीका उपलब्ध नहीं था। इसके परीक्षणों में अंडा देने वाली (लेयर्स) और प्रजनन के लिए पाली जाने वाली (ब्रीडर्स) मुर्गियों में बेहद सकारात्मक परिणाम मिले हैं।

एच5एन1 वायरस मुर्गियों के लिए बेहद घातक साबित होता है, जिसके संक्रमण से किसी भी पोल्ट्री फार्म में लगभग 100 प्रतिशत तक मुर्गियों की मौत हो सकती है। बीमारी फैलने पर संक्रमण रोकने और बड़े आर्थिक नुकसान से बचने के लिए प्रभावित क्षेत्र में हजारों मुर्गियों को मारना पड़ता है। भारत में 2006 में पहली बार बर्ड फ्लू का प्रकोप सामने आया था और तब से देश में 500 से अधिक बार संक्रमण के मामले दर्ज किए जा चुके हैं, जिससे पोल्ट्री किसानों को भारी क्षति उठानी पड़ी है।

यह नया टीका न केवल पोल्ट्री उद्योग को करोड़ों रुपये के संभावित नुकसान से बचाएगा, बल्कि इंसानों में एच5एन1 संक्रमण के खतरे को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुर्गियों में संक्रमण के प्रसार को रोकने से मनुष्यों में वायरस फैलने की संभावना भी कम होगी, हालांकि नियमित निगरानी और फार्मों में जैव सुरक्षा उपाय भी जरूरी होगा। चीन, मिस्र और वियतनाम जैसे देशों के टीके भारतीय वायरस स्ट्रेन के लिए पूरी तरह कारगर नहीं थे, जिससे इस स्वदेशी टीके का महत्व और बढ़ जाता है। इस टीके का उपयोग व्यावसायिक पोल्ट्री फार्मों में चरणबद्ध तरीके से पशु चिकित्सकों की देखरेख में किया जाएगा, जो देश के पशुधन स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

पहला टेस्ट आज से



'फाइनल में पहुंचना है तो आराम के दायरे से बाहर निकलना होगा'

मोर्कल ने कहा कि भारत को डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने के लिए अब खुद को पहले से ज्यादा चुनौती देनी होगी। टीम को ऐसे काम करने के लिए तैयार रहना होगा, जो शायद उसने पहले नहीं किए हैं। उन्होंने खास तौर पर तेज गेंदबाजों के लंबे स्पेल और अतिरिक्त ओवर करने की जिम्मेदारी का जिक्र किया। मोर्कल ने कहा, 'फाइनल में पहुंचने के लिए हमें अब खुद को थोड़ा और आगे बढ़ाना होगा। हमें अपने सहज दायरे से बाहर निकलकर ऐसी स्थिति में जाना होगा, जहां शायद हम पहले कभी नहीं गए हैं। अगर किसी मौके पर टीम को जरूरत हो कि कोई गेंदबाज दो या तीन ओवर अतिरिक्त करे, हवा के विपरीत गेंदबाजी करे और मुश्किल जिम्मेदारी निभाए, तो हमें इसके लिए तैयार रहना होगा।'

वेलिंगटन की हवा और न्यूजीलैंड का निचला क्रम भी चुनौती

न्यूजीलैंड दौरे पर वेलिंगटन की तेज हवाएं भी भारतीय गेंदबाजों के लिए चुनौती बन सकती हैं। मोर्कल के मुताबिक, दोनों टीमों को इन परिस्थितियों का सामना करना होगा।
ऐसे में खिलाड़ियों को मजबूत मानसिकता के साथ मैदान पर उतरना होगा। उन्होंने कहा कि किसी एक छोर से गेंदबाज को जिम्मेदारी उठानी होगी और खिलाड़ियों की बॉडी लैंग्वेज ऐसी होनी चाहिए कि वे लगातार गेंदबाजी करने के लिए तैयार दिखें। इसके अलावा मोर्कल ने न्यूजीलैंड के निचले क्रम को भी भारत के लिए अहम चुनौती बताया।

WTC फाइनल के लिए भारत को क्या करना होगा?: मोर्कल ने सिराज-बुमराह से इस चुनौती से निपटने को कहा; और क्या बोले?

वेलिंगटन। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज सिर्फ एक द्विपक्षीय मुकाबला नहीं है, यह आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 के फाइनल की दौड़ में भारत के लिए अपनी स्थिति मजबूत करने का बड़ा मौका भी है। फिलहाल न्यूजीलैंड अंक तालिका में शीर्ष पर है, जबकि भारतीय टीम चौथे स्थान पर है। ऐसे में भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने टीम को फाइनल तक पहुंचने का एक अहम मंत्र दिया है। उनका मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों को अब अपने सहज दायरे से बाहर निकलकर ज्यादा मेहनत करनी होगी। जरूरत पड़ने पर तेज गेंदबाजों को अतिरिक्त ओवर करने और मुश्किल परिस्थितियों में भी टीम के लिए जिम्मेदारी उठाने को तैयार रहना होगा।



गेंदबाजी संयोजन को लेकर मोर्कल को पूरा भरोसा

सीरीज से पहले भारतीय टीम के तेज गेंदबाजी संयोजन को लेकर भी चर्चा है। जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा के अलावा मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, अंशुल कंबोज और हाल ही में टीम में शामिल किए गए गुरनूर बराड़ जैसे विकल्प मौजूद हैं। ऐसे में प्लेइंग-11 चुनना टीम प्रबंधन के लिए चुनौती हो सकता है। हालांकि, मोर्कल को उपलब्ध गेंदबाजों की क्वालिटी पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि टीम जिस भी गेंदबाजी आक्रमण के साथ उतरेगी, उसमें 20 विकेट लेने की क्षमता है। उन्होंने कहा, 'गौतम (गंभीर) को मेरा फीडबैक यही था कि इस दौरे पर हम जिस भी गेंदबाजी आक्रमण के साथ उतरेंगे, हमारे पास 20 विकेट लेने के लिए पर्याप्त क्षमता है। मुझे इस पर भरोसा है। हर गेंदबाज में अलग तरह की खूबी है और सभी कुशल हैं। मेरा मानना है कि सभी खेलने के लिए तैयार हैं।' मोर्कल ने सिराज को विश्वस्तरीय प्रदर्शन करने वाला गेंदबाज बताया। उन्होंने कहा कि जब भी सिराज को भारतीय टीम की जर्सी में मौका मिला है, उन्होंने खुद को साबित किया है।



पिछले नतीजों की निराशा पीछे छोड़ना चाहता है भारत

मोर्कल ने स्वीकार किया कि हाल के टेस्ट नतीजों से भारतीय ड्रेसिंग रूम में निराशा रही है। उनके मुताबिक, टीम कुछ अहम खिलाड़ियों के जाने के बाद अपनी लय तलाश रही थी। हालांकि, आगामी दो टेस्ट को लेकर खिलाड़ियों के बीच बातचीत सकारात्मक रही है।
उन्होंने कहा कि टीम को पता है कि वह इससे बेहतर क्रिकेट खेल सकती है और अगले 10 से 13 दिनों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए सभी में मजबूत इच्छाशक्ति है। भारत ने डब्ल्यूटीसी के पहले दो फाइनल खेले थे और अब 2027 में द ओवल में होने वाले फाइनल में वापसी करना चाहेगा। इसके लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट भारत के अभियान में अहम साबित हो सकते हैं।

फ्रेंडली मैच में अर्जेंटीना ने कोस्टा रिका को 7-0 से हराया


ब्यूनस आयर्स। निको पाज, जूलियन अल्वारेज और फ्रैंको मास्टैंटुओनो के दो-दो गोल की मदद से अर्जेंटीना ने एक मैत्री मैच में कोस्टा रिका को 7-0 से हरा दिया। कोस्टा रिका ने एक तिहाई से भी कम पजेशन पर कंट्रोल किया। टीम मुश्किल से अपने अटैकिंग थर्ड में घुस पाई। गेम शुरू होने के सिर्फ सात मिनट बाद, पाज ने पेनल्टी एरिया के किनारे पर एक रिबाउंड पर झपट्टा मारा और एक शानदार



फिनिश के साथ पहला गोल किया। गोल के बाद के मिनट पूरी तरह से लियोनेल स्कालोनी की टीम के कंट्रोल में थे, जिन्होंने मिडफील्डर्स के बीच बॉल को मूव किया और विंग्स से अटैक करने की कोशिश की। इसके बावजूद, कोस्टा रिका ने एक काउंटर-अटैक के बाद कप्तान एमिलियानो मार्टिनेज को एक शानदार सेव करने पर मजबूर कर दिया। बाद में, लगभग 30 मिनट के बाद, नेशनल टीम ने एक और अच्छा अटैकिंग खेल दिखाया। कुछ देर बाद, एन्जो फर्नांडीज की एक शानदार थ्रू बॉल और गिया के विंग से नीचे दौड़ने के बाद, जूलियन अल्वारेज को पास मिला और उन्होंने मैच का दूसरा गोल किया। फिर, पाज ने एक सोलो रन बनाया, एक डिफेंडर को पीछे छोड़ते हुए, अंदर कट करते हुए, और एक जोरदार शॉट मारा जो पैट्रिक सेक्वेरा को छकाते हुए टॉप कॉर्नर में चला गया। पहला हाफ 4-0 के साथ समाप्त हुआ। दूसरे हाफ के तीन मिनट बाद, फ्रैंको मास्टैंटुओनो ने पास के पोस्ट पर गोलकीपर को पीछे छोड़ते हुए एक लो शॉट मारा, जिससे अर्जेंटीना के लिए उनका दूसरा और पांचवां गोल हुआ।
दूसरे हाफ के बीच में, नेशनल टीम ने बॉल पर कब्जा बनाए रखा और विंग्स से अटैक किया। इसके बाद एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने पेनल्टी एरिया में दो डिफेंडरों को छकाते हुए छठा गोल किया। गेम के आखिर में, मास्टैंटुओनो ने फिर से गोल किया। गिउलिआनो शिमोन के साथ वन-टू के बाद, मिडफील्डर ने सटीकता से गोल करके 7-0 की जीत पक्की कर दी।

अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बनाई एटीपी फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह, बेन शेल्टन को हराया

टयूरिन। अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने राउंड-रॉबिन मुकाबले में बेन शेल्टन को हराकर साल 2026 के एटीपी फाइनल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। जर्मन खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शेल्टन को 6-2, 7-6(4) से हराया। एक घंटे और 34 मिनट तक चले इस मुकाबले में जीत के साथ ही उन्होंने अंतिम चार में अपनी जगह पक्की कर ली। ज्वेरेव इस प्रतिष्ठित सीजन-एंडिंग टूर्नामेंट में नौवीं बार हिस्सा ले रहे हैं। इससे पहले, उन्होंने 2018 में



लंदन में और 2021 में ट्यूरिन में ट्रॉफी जीती थी। एटीपी के आंकड़ों के अनुसार, 2018, 2019, 2021 और 2024 के बाद यह पांचवीं बार है जब वह इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। शेल्टन, जो लगातार दूसरे साल इस सीजन-फिनाले में खेल रहे हैं, अब जॉन मैकेनरो ग्रुप में 1-1 की स्थिति में हैं। अमेरिकी खिलाड़ी ने रविवार को आर्थर फिल्स को हराकर एटीपी फाइनल्स में अपनी पहली जीत दर्ज की थी। अब उनका ध्यान गुरुवार को राफेल जोडार के खिलाफ होने वाले मुकाबले पर है।

फुटबॉल: भारत के खिलाफ मैच में फिलिस्तीन के खिलाड़ियों पर नस्लवाद का आरोप



नई दिल्ली। भारत ने मंगलवार को कुआलालंपुर में खेले गए एफसी अंडर-17 एशियन कप 2027 क्वालिफायर में फिलिस्तीन को 4-1 से हरा दिया। इस मैच में भारतीय कप्तान डल्लालमुऑन गंगटे को नस्लभेदी व्यवहार का सामना करना पड़ा। घटना के कैमरे में रिकॉर्ड होने के बाद भी रेफरी ने कोई एक्शन नहीं लिया। मुकाबले में भारत और फिलिस्तीन दोनों टीमें क्वालिफाइंग ग्रुप में टॉप स्पॉट के लिए लड़ रही थीं। इस वजह से दोनों टीमें एक दूसरे पर हावी होने का प्रयास कर रही थीं। इस दौरान फिलिस्तीनी खिलाड़ी बार-बार भारतीय खिलाड़ियों को शारीरिक रूप से चुनौती देने और परेशान करने की कोशिश कर रहे थे। विवाद तब बढ़ गया जब फिलिस्तीन के नंबर 19 खिलाड़ी को भारतीय कप्तान डल्लालमुऑन गंगटे के पास नाक पर पंखा झलते हुए देखा गया। इस हरकत को नस्लभेदी माना गया। लाइव ब्रॉडकास्ट में दिखने के बावजूद, मैच अधिकारियों ने इस घटना पर बिना किसी कार्रवाई के खेल जारी रहने दिया।
फिलिस्तीनी खिलाड़ी मोहम्मद जमहूर ने नौवें मिनट के आस-पास एक भारतीय खिलाड़ी को पीछे से दो बार लात मारी और फिर फुटबॉलर के जमीन पर गिरने के बाद उसके हाथ पर पैर पटक दिया। इस घटना के बाद रेफरी ने फिलिस्तीन के खिलाड़ी को रेड कार्ड दिया था। मैच के दौरान इन तनावपूर्ण क्षणों को बावजूद भारतीय टीम ने अपना धैर्य नहीं खोया और शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-1 के अंतर से जोरदार जीत हासिल की।

आईसीसी रैंकिंग: टॉम बैंटन ने लगाई लंबी छलांग

अर्शदीप को मिला न्यूजीलैंड के खिलाफ दमदार प्रदर्शन का इनाम

दुबई। न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन का इनाम अर्शदीप सिंह को आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में मिला है। वह 12 स्थान ऊपर चढ़कर गेंदबाजों की रैंकिंग में संयुक्त रूप से 19वें नंबर पर पहुंच गए हैं। इस हफ्ते गेंदबाजी रैंकिंग में सबसे ज्यादा सुधार करने वाले खिलाड़ियों में अर्शदीप शामिल हैं। अफगानिस्तान के स्पिन गेंदबाज राशिद खान 50 ओवर के फॉर्मेट में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी भी 15 स्थान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 12वें नंबर पर आ गए हैं, जबकि उनके साथी खिलाड़ी काइल जैमीसन 15 स्थान ऊपर चढ़कर 45वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं, इंग्लैंड के बल्लेबाज टॉम बैंटन को भी ताजा रैंकिंग में फायदा पहुंचा है। उन्होंने एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में जीत दिलाने वाली शतकीय पारी खेली थी। बैंटन ने 99 गेंदों पर 121 रन बनाए, जो उनका दूसरा वनडे शतक था। उनकी इस पारी की मदद से इंग्लैंड ने सीरीज में बराबरी की और वह बल्लेबाजी रैंकिंग में 34 स्थान की छलांग लगाकर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 13वें नंबर पर पहुंच गए हैं। उनके साथी खिलाड़ी जो रूट भी टॉप 10 में वापस आ गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में अर्धशतक लगाने के बाद रूट दो स्थान ऊपर चढ़कर नौवें नंबर पर पहुंच गए हैं। भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल वनडे में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं।



इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने भी वनडे गेंदबाजों की टॉप 10 सूची में वापसी की है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे मैचों में एक-एक विकेट लेने के बाद, वह चार स्थान ऊपर चढ़कर सातवें नंबर पर आ गए हैं। इस बीच, शारजाह में जिम्बाब्वे और अफगानिस्तान के बीच खेली गई कड़े मुकाबले वाली टेस्ट सीरीज (जिसे जिम्बाब्वे ने 2-0 से जीता) के बाद, दोनों टीमों के खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी काफी सुधार हुआ है।
टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी को सबसे ज्यादा फायदा हुआ। उन्होंने दूसरे और निर्णायक टेस्ट मैच में छह विकेट लिए और 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता, जिससे वह पांच स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 16वें नंबर पर आ गए हैं। स्पिनर ग्रीम क्रेमर भी छह स्थान की छलांग लगाकर 65वें नंबर पर आ गए हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में जिम्बाब्वे के ओपनर इनोसेंट काइया 20 स्थान की छलांग लगाकर 50वें नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि अनुभवी ब्रेंडन टेलर 40 स्थान ऊपर चढ़कर 62वें नंबर पर आ गए हैं। अफगानिस्तान के ऑलराउंडर नसीर मारूफखिल ने अपने टेस्ट डेब्यू में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मैच की पहली पारी में शतक लगाया और सात विकेट लिए। पुरुषों के टेस्ट क्रिकेट में ऐसा कारनामा करने वाले वह केवल चौथे खिलाड़ी बने।

खिलाड़ियों और स्टाफ के अनुभव गोपनीय रखे जाएंगे

सीए 'सैंडपेपरगेट कांड' एक फोरम बनाएगा

होबार्ट। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने घोषणा की है कि वह 2018 के दक्षिण अफ्रीका दौरे में शामिल खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के लिए एक इंडिपेंडेंट फोरम बनाएगा, ताकि वे अपनी गवाही दोबारा सुन सकें। बोर्ड ने कहा कि केपटाउन घटना की जांच दोबारा नहीं शुरू की जाएगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चेयरमैन डेविड बून ने कहा, 'ध्यान से सोचने के बाद, सीए बोर्ड ने एक ऐसा फोरम बनाने का फैसला किया है जो 2018 में साउथ अफ्रीका की घटनाओं में शामिल खिलाड़ियों और स्टाफ को अपने अनुभव और नजरिए शेयर करने की इजाजत देगा।' उन्होंने कहा, 'हमारा मानना ??है कि यह खेल के सबसे अच्छे हित में है। लगभग एक दशक से, उन घटनाओं के नतीजे ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के बारे में बातचीत का हिस्सा रहे हैं। यह कई लोगों के लिए एक मुश्किल चैप्टर रहा है और, तेजी से, चल रही बहस खेल से ध्यान भटकाने



वाली बन गई है। हमारा मानना ??है कि अब सर्किट ब्रेकर का समय आ गया है। यह फोरम अतीत पर फिर से बात करने के बारे में नहीं है। यह उन लोगों के लिए एक मौका बनाने के बारे में है जो एक सम्मानजनक माहौल में अपनी कहानियां सुनाना चाहते हैं, और हमारे खेल को सुनने के लिए।'
उन्होंने कहा, 'ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट तब सबसे मजबूत होता है जब वह एकजुट होता है। हम उन सभी के प्रति जिम्मेदार हैं जो खेल से प्यार करते हैं कि हम समझ, सम्मान और नजरिए के साथ एक साथ आगे बढ़ने की हर मुमकिन कोशिश करें। एक पूर्व खिलाड़ी के तौर पर, मैं जानता हू कि क्रिकेट हमें सबसे जरूरी चीजों में से एक देता है, वे रिश्ते जो हम बनाते हैं और वह दोस्ती जो खेल करियर खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक बनी रहती है। मेरी उम्मीद है कि यह प्रक्रिया उन कनेक्शन को मजबूत करने में मदद कर सकता है और हमें आगे क्या होने वाला है, इस पर ध्यान देने दे सकता है।' डेविड बून ने कहा, 'मैं सभी को प्रोत्साहित करूंगा कि वे इस प्रक्रिया को सम्मानपूर्वक और निजी तौर पर आगे बढ़ने दें। हमारा ध्यान इस बात पर होना चाहिए कि खेल आगे भी बढ़ता रहे।'
क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, 'पिछले सप्ताह हमने 2018 में केपटाउन टेस्ट में जो हुआ उसके बारे में कई अलग-अलग बातें सुनी हैं। यह खेल और इससे जुड़े सभी लोगों के लिए बहुत मुश्किल और असहज समय रहा है।

स्मैट 2026: बंगाल ने झारखंड को 7 विकेट से हराया आंध्र-छत्तीसगढ़ और बिहार ने दर्ज की जीत

नई दिल्ली। सैयद मुश्ताक अली (स्मैट) एलीट 2026 में बुधवार को बंगाल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए डिफेंडिंग चैंपियन झारखंड को 7 विकेट से हराया। वहीं, बिहार, आंध्र और छत्तीसगढ़ ने भी जीत दर्ज की। छत्तीसगढ़ बनाम ओडिशा : ग्रुप डी के मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर स्कोबोर्ड पर 228 रन लगाए। टीम की तरफ से कप्तान विकल्प तिवारी ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारी खेली। उन्होंने 56 गेंदों का सामना करते हुए 119 रनों की दमदार पारी खेली। 229 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए ओडिशा की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट गंवाकर 177 रन ही बना सकी। टीम की ओर से सर्वाधिक 57 रन कार्तिक बिस्वाल ने बनाए। आंध्र बनाम केरल : आंध्र ने ग्रुप सी के मुकाबले में केरल को 29 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए



आंध्र ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 225 रन बनाए। टीम की तरफ से सीरम वेंकट राहुल ने सर्वाधिक 64 रन बनाए, जबकि शेख रशीद ने 39 गेंदों में 60 रनों का योगदान दिया। इसके जवाब में केरल की टीम 5 विकेट खोकर 196 रन ही बना सकी।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com